संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक-138 मंगलवार,19 मार्च 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# 21 मार्च तक सारी जानकारी दे SBI

» इलेक्टोरल बॉन्ड के नंबर भी बताएं...

» चेयरमैन इस बात का हलफनामा दें कि कोई जानकारी नहीं छिपाई...




**नई दिल्ली,18 मार्च 2024(ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार (18 मार्च) को एसबीआई से कहा कि वह इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ी हर जानकारी 21 मार्च तक दे। सुप्रीम कोर्ट ने नए आदेश में उन यूनीक बॉन्ड नंबर्स के खुलासे का भी आदेश दिया, जिनके जरिए बॉन्ड खरीदने वाले और फंड पाने वाली राजनीतिक पार्टी का लिंक पता चलता है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा...21 मार्च की शाम 5 बजे तक एसबीआई के चेयरमैन एक एफिडेविट भी दाखिल करें कि उन्होंने सारी जानकारी दे दी है। सीजेआई चंद्रचूड़ की बेंच ने कहा कि एसबीआई जानकारियों का खुलासा करते वक्त सिलेक्टिव नहीं हो सकता। इसके लिए आप हमारे आदेश का इंतजार न करें।

सीजेआईने कहा- एसबीआई चाहती है हम ही उसे बताएं किसका खुलासा करना है, तब वे बताएंगे। ये रवैया सही नहीं है। बॉन्ड के यूनीक नंबर्स न होने पर कोर्ट ने 16 मार्च को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को नोटिस देकर 18 मार्च तक जवाब मांगा था। कोर्ट ने चुनाव आयोग को भी एसबीआई से मिली जानकारी तुरंत अपलोड करने निर्देश दिया है।

बेंच ने 11 मार्च के फैसले में एसबीआई को बॉन्ड की पूरी डिटेल देने का निर्देश दिया था। हालांकि, एसबीआई ने सिर्फ बॉन्ड खरीदने और कैश कराने वालों की जानकारी दी। इस बात का खुलासा नहीं किया गया था कि किस डोनर ने किस राजनीतिक पार्टी को कितना चंदा दिया।

### राजनीतिक पार्टियों ने मांगे बॉन्ड्स के यूनीक नंबर्स

चुनाव आयोग की वेबसाइट पर मौजूद डेटा के मुताबिक, कुछ राजनीतिक पार्टियों ने एसबीआई से बॉन्ड्स के यूनीक नंबर्स मांगे हैं। तृणमूल कांग्रेस ने कहा है कि उसे नंबर्स चाहिए ताकि वह सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन कर सके। भाजपा ने एसबीआई से ऐसी कोई अपील नहीं की है।

बहुजन समाज पार्टी ने कहा कि उसे चुनावी बॉन्ड के जरिए कोई चंदा नहीं मिला है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने भी कहा कि उसे भी इलेक्टोरल बॉन्ड्स से चंदा नहीं मिला। कांग्रेस ने कहा कि वह एसबीआई द्वारा चुनाव आयोग को दिया गया डेटा जारी करेगी।

### बीजेपी ने सबसे ज्यादा 6,986 करोड़ के बॉन्ड कैश कराए...

चुनाव आयोग ने रविवार (17 मार्च) को अपनी वेबसाइट पर सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री से 16 मार्च को मिला इलेक्टोरल बॉन्ड का नया डेटा अपलोड किया। नए डेटा में फाइनेंशियल ईयर 2017-18 के बॉन्ड्स की जानकारी शामिल है।

डेटा के मुताबिक, भाजपा ने कुल 6 हजार 986 करोड़ रुपए के चुनावी बॉन्ड कैश कराए हैं। पार्टी को 2019-20 में सबसे ज्यादा 2 हजार 555 करोड़ रुपए मिले हैं। वहीं, डीएमके को इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से 656.5 करोड़ रुपए मिले, जिसमें लॉटरी किंग सैंटियागो मार्टिन के फ्यूचर गेमिंग से 509 करोड़ रुपए भी शामिल हैं।

# सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ एडवोकेट पर भड़के

» जब सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ को आ गया गुस्सा...

» वरिष्ठ वकील होने के अलावा आप एससीबीए के भी हैं अध्यक्ष...

इलेक्टोरल बॉन्ड पर सुनवाई के दौरान भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने एक सीनियर एडवोकेट को जमकर फटकार लगा दी।



खबर है कि वकील ने बॉन्ड मामले में अदालत के फैसले की स्वतः समीक्षा की मांग की थी। सोमवार को शीर्ष न्यायालय ने एसबीआई यानी स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को भी पूरी जानकारी 21 मार्च तक जारी करने के आदेश दिए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एडवोकेट और एससीबीए के अध्यक्ष अदीश अग्रवाल ने इलेक्टोरल बॉन्ड खत्म किए जाने के फैसले की समीक्षा की मांग की थी। इसे लेकर सीजेआई ने कहा, वरिष्ठ वकील होने के अलावा आप एससीबीए के अध्यक्ष भी हैं। आपने मेरी स्वतः शक्तियों को लेकर पत्र लिखा है। ये सब पब्लिसिटी से जुड़ा है और हम इसमें नहीं पड़ेंगे। मुझे और ज्यादा कहने के लिए मजबूर न करें। आपको सुनने में अच्छा नहीं लगेगा। खास बात है कि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता भी एडवोकेट अग्रवाल की मांग से दूरी बनाते हुए नजर आए। उन्होंने कहा, हम इसका समर्थन नहीं करते हैं। हालांकि, यह पहली बार नहीं है। इससे पहले भी अग्रवाल ने इलेक्टोरल बॉन्ड केस में सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखा था। इधर, सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने भी उनके विचारों से दूरी बना ली थी और कहा था कि पैनल के सदस्यों ने राष्ट्रपति को पत्र लिखने के लिए अग्रवाल को अधिकृत नहीं किया है। उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को एसबीआई को विशिष्ट बॉण्ड संख्याओं समेत इलेक्टोरल बॉन्ड से संबंधित सभी जानकारियों का 21 मार्च तक खुलासा करने का निर्देश दिया।

# मोदी के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत

**टीएमसी सांसद ने ईसी को लिखा-आंध्रप्रदेश में प्रचार के लिए वायुसेना का हेलिकॉप्टर इस्तेमाल किया**



**पलनाडु,18 मार्च 2024 (ए)।** टीएमसी सांसद साकेत गोखले ने पीएम मोदी के खिलाफ चुनाव आयोग में आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत दर्ज कराई है। गोखले का आरोप है कि पीएम मोदी ने आंध्रप्रदेश के पलनाडु में लोकसभा सीट चिलकलुरिपेट में एक चुनावी रैली में भाग लेने के लिए वायुसेना के हेलिकॉप्टर का इस्तेमाल किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार 17 मार्च को पलनाडु जिले के बोपुडी गांव में हुई की चुनावी सभा को संबोधित करने गए थे। रैली से सामने आए वीडियो में वे वायुसेना के हेलिकॉप्टर से उतरते नजर आए थे। टीएमसी सांसद साकेत ने आंध्रप्रदेश चुनाव आयोग को दी शिकायत की कॉपी सोशल मीडिया एक्स पर भी शेयर की है। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव आयोग ने 16 मार्च को चुनाव की तारीखों का ऐलान करते समय यह चेतावनी दी थी कि आचार संहिता के उल्लंघन से सख्ती से निपटा जाएगा।टीएमसी सांसद गोखले ने बताया कि उन्होंने चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज करवाई है, न कि सुप्रीम कोर्ट में। क्योंकि जब चुनाव चल रहे हों और आचार संहिता लागू हो तो अदालतों को चुनावी मामलों में हस्तक्षेप करने की परमिशन नहीं है। इसलिए पीएम मोदी पर चुनाव आयोग को ही कार्रवाई करनी चाहिए।

### सोशल मीडिया यूजर बोले- एसपीजी सिक्योरिटी वाले नेता यूज कर सकते हैं

एक यूजर ने चुनाव आयोग के 2014 के नोटिफिकेशन का हवाला देते हुए कहा कि एसपीजी सिक्योरिटी वाले लोग सरकारी वाहनों का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस पर गोखले ने रिप्लाई किया कि यह मामला केवल बुलेट प्रूफ और एस्कॉर्ट व्हीकल जैसे जैमर कारों के लिए है। सुरक्षा कारणों के चलते एसपीजी हेलिकॉप्टरों का इस्तेमाल इसके तहत नहीं आता।

## संक्षिप्त खबरें

### चुनाव आयोग ने 6 राज्यों के गृह सचिवों को हटाने का दिया आदेश




**चुनाव आयोग के सख्त कार्यवाही से मचा हड़कम्प**

**नई दिल्ली,18 मार्च 2024(ए)।** लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने सख्त एक्शन लेते हुए 6 राज्यों के गृह सचिवों को हटाने का आदेश दे दिया है। चुनाव आयोग ने जिन 6 राज्यों के गृह सचिव हटाए हैं। उसमें गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड,हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड शामिल हैं। इसके साथ ही पश्चिम बंगाल के डीजीपी को हटाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

### बीजेपी नेता और पूर्व सीएम पर नाबालिग से रेप करने का आरोप



**पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज...**

**बैंगलोर,18 मार्च 2024(ए)।** बीजेपी के कद्दावर नेता और पूर्व सीएम बुरे फंस गए हैं। बीजेपी नेता के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। नाबालिग ने उन पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है।

### बसपा सांसद ने थामा भाजपा का दामन,कई और नेता भी हुए शामिल

**नई दिल्ली,18 मार्च 2024(ए)।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 से पहले बसपा सुप्रीमो मायावती को एक बड़ा झटका लगा है। बसपा सांसद संगीता आजाद बीजेपी में शामिल हो गई हैं। बसपा सासंद संगीता आजाद के साथ ही उलके पति और पूर्व विधायक आजाद अरिमर्दन भी बीजेपी में शामिल हुए हैं। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट की वकील सीमा समृद्धि (कुशवाहा) भाजपा में शामिल हो गईं।

# लोकसभा चुनाव के लिए एनडीए में हुआ सीटों का बंटवारा



**नई दिल्ली,18 मार्च 2024(ए)।** बिहार में एनडीए गठबंधन के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर सहमति बन गई है। बिहार में भाजपा 17 और जेडीयू 16 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। वहीं, चिराग पासवान की पार्टी हाजीपुर सहित 5 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। जबकि, जीतन राम मांझी और उपेंद्र कुशवाहा के खाते में एक-एक सीट गई है।भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं बिहार प्रभारी विनोद तावड़े, बिहार के उपमुख्यमंत्री एवं बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी, जेडीयू के राष्ट्रीय महासचिव संजय झा, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) से राजू तिवारी और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा से रजनीश कुमार ने भाजपा राष्ट्रीय मुख्यालय में संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सीटों के बंटवारे का ऐलान किया। भाजपा राष्ट्रीय महासचिव एवं बिहार प्रभारी विनोद तावड़े ने सीट बंटवारे की घोषणा करते हुए बताया कि भाजपा बिहार में 17 और जनता दल यूनाइटेड 16 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) 5 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। वहीं, जीतन राम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी आरएलएम के खाते में एक-एक सीटें आई हैं। विनोद तावड़े ने लोकसभा सीट वाइज बंटवारे की जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, औरंगाबाद, मधुबनी, अररिया, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, महाराजगंज, सारण, उजियारपुर, बेगूसराय, नवादा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर और सासाराम यानी बिहार की 17 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। वहीं, नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू वाल्मिकी नगर, सीतामढ़ी, झंझारपुर, सुपौल, किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, मधेपुरा, गोपालगंज, सीवान, भागलपुर, बांका, मुंगेर, नालंदा, जहानाबाद और शिवहर सहित 16 सीटों पर चुनाव लड़ेगी।चिराग पासवान की पार्टी हाजीपुर, वैशाली, समस्तीपुर, खगड़िया और जमुई में चुनाव लड़ेगी। जीतन राम मांझी की पार्टी हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा गया और उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी आरएलएम काराकाट लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी। जेडीयू के राष्ट्रीय महासचिव संजय झा ने कहा कि बिहार में जहां विपक्षी गठबंधन में अभी तक स्थिति साफ नहीं है, वहीं, एनडीए गठबंधन में सब कुछ तय हो गया है और हमारा गठबंधन इस बार बिहार की सभी 40 लोकसभा सीटें जीतने जा रहा है। बिहार के उपमुख्यमंत्री एवं बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि 2019 के पिछले चुनाव में बिहार में 3 दल एनडीए में शामिल थे और इस बार दो और दल हमारे साथ जुड़े हैं। एनडीए गठबंधन बिहार में सभी 40 लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करने जा रहा है।

### तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन ने दिया इस्तीफा

# अब लड़ेंगी लोकसभा चुनाव



**हैदराबाद,18 मार्च 2024(ए)।** तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन, जिनके पास पुडुचेरी के उपराज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार भी है, ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया।. उन्होंने अपना इस्तीफा राष्ट्रपति भवन को भेज दिया है। उनके चुनावी राजनीति में दोबारा प्रवेश करने की संभावना है। सुंदरराजन, जो 2019 तक तमिलनाडु भाजपा प्रमुख थी, को सितंबर 2019 में तेलंगाना के राज्यपाल के रूप में नियुक्त किया गया था। मौजूदा किरण बेदी को हटाए जाने के बाद उन्हें पुडुचेरी के उपराज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया था।

सुंदरराजन अनुभवी कांग्रेसी कुमारी अनंथन की बेटी हैं। सुंदरराजन राज्यपाल के रूप में भेजे जाने से पहले वह दो दशक से अधिक समय तक भाजपा में रहीं हैं। सुंदरराजन प्रभावशाली नागर समुदाय से आती हैं। उन्होंने साल 2019 में तमिलनाडु का लोकसभा चुनाव लड़ा था, जो द्रमुक की कनिमोझी से थूथुकुडी में भारी अंतर से हार गई थीं। फिलहाल खबरे हैं कि उन्हें भाजपा उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतारा जा सकता है।.

# कुछ हाई प्रोफाइल लोगों को भी गिरफ्तार किया जा सकता है

**जमानत याचिका का विरोध,सीबीआई ने कही चौंकाने वाली बात**

**नई दिल्ली,18 मार्च 2024(ए)।** शराब घोटाले के आरोपी आप नेता मनीष सिसोदिया की याचिका पर सुनवाई हुई है। सुनवाई के दौरान सीबीआई ने मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका का विरोध किया। सीबीआई ने सिसोदिया की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा कि कुछ हाई प्रोफाइल लोग गिरफ्तार हो सकते हैं। जांच चल रही है और आरोपी इसको नुकसान पहुंचा सकता है। मनीष सिसोदिया की तरफ से दलील देते हुए वरिष्ठ वकील ने कहा कि अदालत कार्रवाइयों में काफी देर हो रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर अदालती कार्रवाई धीमी गति से चलती रही तो आरोपी तीन महीने बाद जमानत के लिए गुहार लगा सकता है।




# नकली कैंसर की दवा का हुआ पर्दाफाश

**कैंसर दवा की मिलावटखोरी,ईडी ने किया गैंग का पर्दाफाश**

**नई दिल्ली,18 मार्च 2024 (ए)।** दिल्ली में कैंसर की नकली दवाइयों का खुलासा होने के बाद दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एफआईआर दर्ज की थी। अब उसी एफ आई आर को आधार बनाते हुए प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज कर लिया है। इसी के साथ इस मामले में ईडी ने छापेमारी भी शुरू कर दी है। दिल्ली एनसीआर में दस ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। अभी तक छापेमारी में 65 लाख रुपये की नकदी बरामद हो चुकी है।



दरअसल, जांच में खुलासा हुआ कि ये एक संगठित गिरोह है, जो कैंसर की नकली दवा बनाता और बेचता है। ईडी ने इस मामले में इस गिरोह से जुड़े आरोपी विफल जैन, सूरज शत, नीरज चौहान, कोमल तिवारी, अभिनय, परवेज मालिक और तुषार चौहान के ठिकानों पर छापेमारी की कार्रवाई की है। सर्च के दौरान ईडी की टीम ने 65 लाख रुपये की नकदी जब्त की है। इसमें आरोपी सूरज शत के घर में बीन बैग में छिपाकर रखे गए 23 लाख रुपये भी शामिल हैं.। इसके अलावा, संदिग्धों के कब्जे से चल और अचल संपत्तियों के बारे में कई आपत्ति जनक दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं.। तलाशी और छापेमारी की कार्रवाई अभी जारी है।. आपको बता दें कि दिल्ली में कैंसर की नकली दवा का कारोबार जोरो पर है।. जिसके चलते नकली दवा का बड़ा खेल करने वाले एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है. जिसकी हकीकत सामने आने पर हर कोई दहल गया था। दिल्ली पुलिस के कब्जे में ऐसे शातिर आए हैं, जिनके पास शर्तिया मौत का पक्का इलाज है। गुरुग्राम साउथ सिटी के एक फ्लैट में दवाओं का वो स्टॉक रखा गया था।,

# मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी को बड़ी राहत

**हथियार लाइसेंस मामले में एससी ने मंजूर की जमानत याचिका**

**नई दिल्ली,18 मार्च 2024 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को माफिया डॉन से नेता बने मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी की जमानत याचिका मंजूर कर ली। अब्बास अंसारी पर उत्तर प्रदेश पुलिस ने शूटिंग प्रतियोगिताओं के बहाने विदेशी बंदूकें खरीदने का मामला दर्ज किया था। न्यायमूर्ति बी.आर. गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, कैद की अवधि और आरोपों की प्रकृति को ध्यान में रखते हुए, हम पाते हैं कि याचिकाकर्ता जमानत पाने का हकदार है। पीठ में न्यायमूर्ति संदीप मेहता भी शामिल थे। शीर्ष अदालत ने अब्बास अंसारी को ट्रायल कोर्ट द्वारा निर्धारित नियमों और शर्तों पर जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। अब्बास अंसारी की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि याचिकाकर्ता को मौजूदा मामले में झूठा फँसाया गया है। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से, वह अपनी पारिवारिक पृष्ठभूमि के कारण पीड़ित है।



दूसरी ओर, अतिरिक्त महाधिवक्ता (एएजी) गरिमा प्रसाद ने आवेदन का विरोध करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है। शीर्ष अदालत ने जनवरी में जमानत याचिका पर नोटिस जारी किया था और चार सप्ताह की अवधि के भीतर उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब माँगा था।

# आजम खान को सात साल कैद

**डूंगरपुर मामले में पांच लाख जुर्माना भी लगा**

**रामपुर,18 मार्च 2024(ए)।** उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान को सोमवार को डूंगरपुर मामले में 7 साल जेल की सजा सुनाई। 3 अन्य दोषियों को भी 7 साल की सजा सुनाई गई। सभी पर 5 लाख रुपए जुर्माना भी लगाया है।6 मार्च को कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रखा था। रामपुर के गंज थाना क्षेत्र में डूंगरपुर बस्ती को खाली करवाने को लेकर साल 2019 में 12 मुकदमे दर्ज हुए थे, जिसमें से एक मामला जेल रोड निवासी एहतेशाम की तरफ से भी दर्ज करवाया गया था। इसमें सभी पर घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज, डकैती और आपराधिक षड्यंत्र रचने का आरोप था। कोर्ट में चार मार्च को इस मामले की सुनवाई पूरी हो गई थी। डूंगरपुर से ही जुड़े एक केस में रूबी की तरफ से दर्ज करवाई गई एफआईआर में आजम को कोर्ट ने 31 जनवरी को बरी कर दिया था।



# बिलकिस बानो मामले का एक और दोषी पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

**आरोपी ने सजा को लेकर अदालत से किया यह अपील**

**नई दिल्ली,18 मार्च 2024(ए)।** बिल्किस बानो मामले के एक और दोषी ने अपनी सजा में छूट को निरस्त करने के आठ जनवरी के फैसले की समीक्षा करने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया। उसने तर्क दिया कि इसे अपराध की प्रकृति और न्याय के लिए समाज की पुकार के आधार पर चुनौती नहीं दे सकती है।आठ जनवरी के फैसले की समीक्षा करने के लिए 11 में से दो दोषी और गुजरात सरकार पहले ही याचिका दाखिल कर चुके हैं। समीक्षा याचिका दाखिल कर रमेश रूपाभाई चंदाना ने कहा कि शीर्ष अदालत ने आक्षेपित आदेश पारित करते समय शीर्ष अदालत की एक अन्य पीठ द्वारा पारित 13 मई, 2022 के फैसले को खारिज किया।



### एससी का आदेश न्यायालयों की समिति के सिद्धांत का उल्लंघन

फैसले की समीक्षा करने की मांग करने के कारण बताते हुए याचिका में कहा है कि शीर्ष अदालत की एक पीठ 13 जनवरी 2022 को गुजरात सरकार को 1992 की नीति के अनुसार सजा में छूट देने की अनुमति दी थी।

संपादकीय

## नीतीश नहीं बचा सके अपने सहयोगी को

बिहार में भाजपा ने अपनी ताकत दिखाई है। उसने जब नीतीश कुमार की वापसी कराई थी तब उनको मुख्यमंत्री तो बना दिया था लेकिन उसी समय साफ कर दिया था कि उनकी वजह से भाजपा अपने किसी पुराने सहयोगी को बाहर नहीं करेगी। लोकसभा चुनाव के लिए सीटों के बंटवारे को लेकर जो शुरुआती सहमति बनी है उससे साफ हो गया है कि भाजपा ने अपने पुराने सहयोगियों को तो बचा लिया लेकिन जिनके प्रति नीतीश कुमार का सद्भाव था या जो नीतीश के करीबी माने जाते थे उनको नुकसान हो गया। 2020 के विधानसभा चुनाव में चुन चुन कर नीतीश के उम्मीदवार के खिलाफ अपने प्रत्याशी उतारने और जदयू को हराने वाले चिराग पासवान इस खेल में बड़े विनर बन कर उभरे हैं। भाजपा ने उनकी शर्तें मान कर उनके हिसाब से टिकट दी है। लेकिन उनके चाचा पशुपति पारस, जिनको नीतीश का करीबी माना जाता था वे पूरी तरह से हाशिए में चले गए हैं। गौरतलब है कि 2020 के विधानसभा चुनाव में हुए नुकसान का बदला लेने के लिए नीतीश कुमार ने पशुपति पारस को आगे करके लोक जनशक्ति पार्टी में विभाजन कराया था। तब पार्टी के छह में से पांच सांसद पारस के साथ चले गए थे और चिराग अकेले बच गए थे। उस समय नीतीश भाजपा के साथ थे और उनके कहने पर भाजपा ने लोकसभा में न सिर्फ पारस गुट को मान्यता दिलवाई, बल्कि उनको केंद्र सरकार में मंत्री बनाया।इतना ही नहीं भाजपा की सरकार ने चिराग से उनके पिता की जनपथ स्थित कोठी भी खाली कराई। लेकिन अब जब मौका आया है, तब एक सीट वाले चिराग को पांच सीटें मिल रही हैं और पांच सांसदों वाले केंद्रीय मंत्री पशुपति पारस को एक भी सीट नहीं मिल रही है। माना जा रहा था कि नीतीश कुमार उनका पक्ष लेंगे और उनका भी सम्मानजनक समझौता करा देंगे लेकिन ऐसा लग रहा है कि नीतीश ने भी पल्ला झाड़ लिया है। अब भाजपा की ही कृपा से उनको एक सीट मिल जाए तो ठीक नहीं तो उनको राजद और कांग्रेस के साथ बात करनी होगी।

# सरकारी पैसे के अपव्यय की किसे चिंता है?

पिछले दिनों प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने अपने भाषण में कहा था कि पिछली सरकारों के दौरान सरकारी कोष के पैसे का दुरुपयोग होता रहा है । मोदी जी के सभी चुनावी भाषणों में और अन्यत्र भी वे कांग्रेस को भ्रष्टाचार, परिवादवाद और तुष्टिकरण की खदान कहते हैं । उनके निशाने पर सभी विपक्षी दल हैं, यद्यपि वे बीजू पटनायक को कुछ ज्यादा नहीं कहते, परन्तु उनकी यह तो दिली इच्छा होगी कि उड़ीसा में भी कमल खिले । तेलंगाना में जब भारत राष्ट्र समिति (पूर्व में तेलंगाना राष्ट्र समिति) केसी राव की सरकार थी तो मोदी जी के अनुसार वे एन.डी.ए. में शामिल होने के लिए मोदी जी से प्रार्थना कर रहे थे जिसे मोदी जी ने ठुकरा दिया । कहते हैं आन्ध्र में तेलुगू देशम फिर से एन.डी.ए. का हिस्सा हो रही है । परन्तु यह चन्द्रबाबू नायडू की मजबूरी होगी क्योंकि भ्रष्टाचार के मामले में वे जेल जा चुके हैं और वर्तमान में जमानत पर हैं परन्तु फिर से गिरफ्तारी का वारंट उनके सिर पर है । वर्तमान में वहां के मुख्यमंत्री अपनी कांग्रेस का विलय भी एन.डी.ए. में चाहते हैं ।पिछले दिनों सरकारी विज्ञापन को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने आम आदमी पार्टी को फटकार लगाई थी कि आपके पास अपने कारनामें विज्ञापन में देने के लिए तो पैसे हैं परन्तु दिल्ली मेरठ रैपिड रेल के लिए अपने हिस्से का पैसा नहीं देते ।आजकल हर टी.वी. चैनल पर सरकार की ओर से मोदी की गारंटी के विज्ञापन आ रहे हैं । कोई बसों में चूर्ण बेचने जैसा मोदी की गारंटी का पर्चा बांट रहा है जिसमें 5 साल तक मुफ्त राशन की सौगात है । उसकी मां की देखभाल मोदी जी करते हैं किसी को नल में जल देकर, किसी को गैस का सिलेण्डर देकर किसी को मुफ्त राशन देकर । एक साइकिल में जा रहा बुड्ढा कहता है कि अब तो मोदी की गारंटी पूरी होने की भी गारंटी है । ये पार्टी से न जाकर भारत सरकार के खाते से जा रहा है । पंजाब सरकार के भी खूब विज्ञापन आ रहे हैं । केजरीवाल तो विज्ञापन देने में माहिर हैं ही । उत्तराखण्ड सरकार का समान नागरिक संहिता का विज्ञापन सरकारी



एक छोटी बच्ची कहती है कि उसकी देखभाल उसकी मां करती है और विज्ञापन शुद्ध रूप से आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर है, परन्तु इनका खर्च खर्च पर खूब आ रहा है ।विपक्षी आरोप लगाते हैं कि सन् 2014 में मोदी जी दो जगह से खड़े हुये थे । दोनों जगहों से उनकी जीत सुनिश्चित थी । फिर वे गुजरात से क्यों खड़े हुए । वहां से त्यागपत्र देकर वाराणसी की सीट रखी कि मां गंगा और पशुपतिनाथ ने उन्हें बुलाया है । जय शिव शंकर जय मोदी जी ! आजकल जहां भी मोदी जी जाते हैं, वहां की परियोजनाओं का लोकार्पण करते हैं । उनकी सुरक्षा इंतजाम में एक अनुमान के अनुसार 10 करोड़ खर्च होता है । वे स्वयं ही इंटरनेट की बात करते हैं । डिजिटल इण्डिया की बात करते हैं, तो विपक्षी आरोप लगाते हैं कि क्यों कर वे स्वयं व्यक्तिगत उपस्थित होकर उद्घाटन या शिलान्यास करते हैं जबकि ऐसा वे डिजिटल भी कर सकते हैं । उनकी व्यक्तिगत उपस्थिति से सुरक्षा में भी 10 करोड़ खर्च होते हैं । अन्य व्यय अलग से हैं । परन्तु यह आरोप तथाकथित विपक्ष पर भी लगता है । कहते हैं कि राहुल गांधी जहां जाते हैं, वहां उन्हें मिली सुरक्षा के कारण उनकी सरकारी कार भी हवाई जहाज से जाती है । अभी खड्गे जी को जेड प्लस सुरक्षा दी गई है ।लोकसभा सांसद या राज्य विधानसभा विधायक या मुख्यमंत्री या मंत्री या अन्य कोई जब भी अपनी पार्टी के प्रचार के लिए जाता है तो उसका उस दिन का वेतन, भत्ता, कटता नहीं है । भारत में किस चुनाव आयोग की हिम्मत है कि कहें कि जब ऐसे लोग अपनी पार्टी के प्रचार के लिए जाते हैं तो उसे दिन का वेतन भत्ता उन्हें नहीं दिया जाये । असल में सरकारी खजाने का बहुत बड़ा भाग तो वेतन भोगी कर्मचारी देते हैं क्योंकि उनके वेतन से ही इनकम टैक्स कट जाता है । शेष उद्योगपति या प्राइवेट नौकरी वाले मजे कर रहे हैं । विपक्ष का आरोप है कि बहुत बड़े-बड़े उद्योगपतियों के बैंक से लिए कर्ज माफ कर दिये गये हैं ।असल में हम जब आज रामकाज की बात करते हैं तो वाल्मीकि रामायण में बहुत विस्तार से राम जी भरत को शासन करने की नीति समझाते हैं । मनु स्मृति व अन्य धर्म ग्रंथों, व संस्कृत की सार्वजनिक कृतियों में भी राजा के लक्षण बतलाये गये हैं । भागवत महापुराण में इस पर बहुत विस्तार से चर्चा है । नीति तक आदि ग्रंथों में भी विस्तार से राजनीति समझाई गई है ।अच्छा हो इन पर आचरण भी हो । यूं ताजा उदाहरण तो अटल जी का राजधर्म पर मोदी जी के लिए है । राजनीति धर्म के बिना अधूरी है । मोदी जी भी दृण-दृण संकल्पी हैं । वे निश्चय ही राजकोष के अपव्यय को रोककर राजधर्म पर विस्तार से चर्चा करेंगे ताकि पक्ष और विपक्ष सभी उस पर आचरण करें । क्योंकि अंततः देश बड़ा है-व्यक्ति नहीं ।

-अजय दीक्षित-

# लोकसभा चुनावों में कांग्रेस इस बार उत्तर प्रदेश में शून्य पर सिमट सकती है

**उत्तर प्रदेश की राजनीति में बदले समीकरणों ने जहां दूसरे दलों के लिए नई संभावनाएं जगाईं, वहीं कांग्रेस को अपनों से मायूसी ही मिलती गई। 1984 में 51.03 प्रतिशत वोट हासिल करने वाली कांग्रेस फिर ऐसे जनाधार को वापस नहीं हासिल कर सकी**

उत्तर प्रदेश की राजनीति में जिस कांग्रेस का हमेशा अपर हैंड रहता था, वह अब दूसरों के रहम-ओ-करम पर राजनीति करने को मजबूर हो गई है। प्रदेश में ना उसका वोट बैंक बचा है, ना नेता और संगठन। हाँ, यदि हवा-हवाई बातों से पार्टी को फायदा हो पाता तो जरूर यूपी में कांग्रेस टॉप पर होती, लेकिन ऐसा होता नहीं है। आज का मतदाता अपने नेताओं पर बारीकी से नजर रखता है। इस कसौटी में कांग्रेस की टॉप लीडरशिप और गांधी परिवार पूरी तरह से नाकामयाब रहा है। कांग्रेस के विधान सभा और लोकसभा चुनाव में खराब प्रदर्शन के आंकड़े भी चुनाव-दर-चुनाव उसके जनाधार खिसकने के साक्षी हैं। यह गिरावट 1984 के बाद चार दशक में आई है। 1984 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस सभी 85 सीटों (तब उत्तराखंड की भी पांच सीटें शामिल) पर चुनाव लड़ी थी और 83 सीटों पर जीत हासिल की थी। भले ही तब पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद कांग्रेस के साथ जनभावनाओं का ज्वार था, जिसके सहारे पार्टी ने उत्तर प्रदेश में अपने प्रदर्शन के शिखर को छुआ। यह वह दौर था जब राष्ट्रीय राजनीति में कांग्रेस का एकछत्र राज था और बीजेपी की एंट्री भर हुई थी, लेकिन उसकी राजनैतिक विचारधारा कांग्रेस से उलट थी। बीजेपी तुष्टिकरण की जगह हिन्दुत्व की बात करती थी। अयोध्या, काशी और मथुरा उसके एजेंडे में प्रमुख रूप से शामिल थे, जिससे कांग्रेस हमेशा किनारा करती रही थी। वहीं क्षेत्रीय दलों के रूप में समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी जातिवादी राजनीति को आगे बढ़ा रहे थे। प्रदेश की राजनीति में बदले समीकरणों ने जहां दूसरे दलों के लिए नई संभावनाएं जगाईं, वहीं कांग्रेस को अपनों से मायूसी ही मिलती गई। 1984 में 51.03 प्रतिशत वोट हासिल करने वाली कांग्रेस फिर ऐसे जनाधार को वापस नहीं हासिल कर सकी। आज उसका जनाधार दो प्रतिशत में सिमट गया है। दरअसल, प्रदेश में सपा व बसपा के उदय के साथ ही कांग्रेस पीछे होती गई और भाजपा की प्रखर हिंदुत्व वाली छवि ने उसकी राह और मुश्किल कर दी। ब्राह्मण, दलित और मुस्लिम कांग्रेस के परंपरागत वोटर माने जाते थे। सपा के उदय के साथ मुस्लिम कांग्रेस से छिटक कर उसके पाले में चला गया। बसपा ने कांग्रेस के दलित वोट बैंक पर कब्जा कर लिया। कांग्रेस से मोहभंग के बाद ब्राह्मणों ने भाजपा का दामन थाम लिया। वर्ष 2000 में उत्तर प्रदेश से उत्तराखंड के अलग होने के बाद की बात की जाए तो कांग्रेस वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में 80 सीटों पर लड़ी थी और 21 सीटों पर जीत हासिल की थी। पिछले ढाई दशक में यह कांग्रेस का सर्वाधिक उत्साहित करने वाला प्रदर्शन था। इसके पीछे कांग्रेस की मनरेगा व खाद्य सुरक्षा को लेकर नीतियों की बड़ी भूमिका मानी गई थी। कांग्रेस केंद्र में दोबारा सरकार बनाने में सफल हुई थी। इसके बावजूद कांग्रेस उत्तर प्रदेश में अपनी साख को बचाए रखने में कामयाब नहीं रही।

उत्तर प्रदेश में अपना जनाधार बढ़ाने के लिय पार्टी ने कई प्रयोग भी किए। राहुल गांधी को यूपी में पैर पसारने के लिये खुली छूट दी गई, इसके नतीजे उत्साहवर्धक नहीं आये तो प्रियंका वाड्रा को प्रदेश का प्रभारी भी बनाया गया, लेकिन बूथ स्तर पर कमजोर हुई पार्टी के सामने कार्यकर्ताओं में पुराना जोश भरना सपना ही रहा। उधर, कांग्रेसी नेता आपस में टांग खिंचाई करते रहे, जिसकी वजह से पार्टी में अंतरकलह भी बढ़ता गया। 2014 लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद कांग्रेस के लिए उत्तर प्रदेश में 2009 का अपना प्रदर्शन दोहराने को तरसती ही रही। नेहरू-गांधी परिवार का उत्तर प्रदेश से गहरा रिश्ता होने के बाद भी पार्टी खोया दमखम नहीं जुटा सकी। पिछले चुनाव में कांग्रेस रायबरेली की एकमात्र सीट पर ही जीत का स्वाद चख सकी थी।




पिछले लोकसभा चुनाव में अमेठी से राहुल गांधी तक हार गये। जबकि रायबरेली की सांसद सोनिया गांधी अबकी बार सदन में जाने के लिये राज्यसभा सदस्य बन चुकी हैं। इस बार वह भी चुनाव नहीं लड़ेंगी। ऐसे में कांग्रेस के सामने उत्तर प्रदेश में अपनी खोई जमीन तलाशने के साथ ही परंपरागत सीट अमेठी व रायबरेली में अपनी साख को बचाए रखने की चुनौती से जूझ रही है।

इससे निपटने के लिए पार्टी सपा से गठबंधन के तहत उसके हिस्से आई 17 सीटों पर पूरी ताकत झोंकने की तैयारी में है। प्रदेश मुख्यालय में वार रूम की स्थापना की गयी है और अमेठी व रायबरेली समेत 17 लोकसभा सीटों के 34 हजार बूथों पर एजेंट जुटाए जा रहे हैं। वार रूम के सदस्य संजय दीक्षित के अनुसार, 17 लोकसभा क्षेत्रों में अब तक 18 हजार बूथ लेवल एजेंट नियुक्त किए जा चुके हैं। शेष को भी जल्द नियुक्त करने की प्रक्रिया चल रही है। इसके अलावा वार रूम के 10 डेस्क हेड भी बनाए गए हैं और सभी को आठ-आठ लोकसभा क्षेत्रों की जिम्मेदारी दी गई है। इस प्रकार सभी 80 लोकसभा सीटों पर बूथ स्तर पर संगठन को खड़ा किया जा रहा है। कुल मिलाकर यूपी से अपने नेताओं को संसद भेजने के लिये कांग्रेस को शून्य से सफर शुरू करना होगा और इसके लिये उसके सिर्फ 17 प्रत्याशी मैदान में होंगे। क्योंकि समाजवादी पार्टी ने गठबंधन धर्म निभाते हुए यूपी में कांग्रेस को 80 में से 17 सीटें देने के लायक ही समझा है।

-अजय कुमार-

## पूरा हिसाब अभी बाकी है

सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद भारतीय स्टेट बैंक ने चुनावी बॉन्ड का हिसाब तो चुनाव आयोग को सौंप दिया है लेकिन यह अधूरा आंकड़ा है। हालांकि कहने को कहा जा सकता है कि सुप्रीम कोर्ट ने अप्रैल 2019 से लेकर अभी तक के चुनावी बॉन्ड की खरीद बिक्री का डाटा देने को कहा था और स्टेट बैंक ने इसका पालन किया है। लेकिन सवाल है कि जब चुनावी बॉन्ड के जरिए चंदा देने का कानून 2017 में बना था और 2018 से इसे लागू कर दिया गया था तो फिर एक साल बाद से डाटा देने का क्या मतलब है? कायदे से चुनावी बॉन्ड की व्यवस्था लागू होने के बाद से ही यह हिसाब सार्वजनिक होना चाहिए कि किस कारोबारी घराने ने कितने का बॉन्ड खरीदा और किस पार्टी ने कितने का बॉन्ड भुनाया।भारतीय स्टेट बैंक की ओर से दिया गया चुनावी बॉन्ड का हिसाब इस लिहाज से भी अधूरा है कि इसमें स्टेट बैंक ने हर बॉन्ड के साथ जारी होने वाला यूनिक कोड यानी यूनिक अल्फा न्यूमेरिक नंबर्स नहीं बताया है। उस यूनिक कोड के जरिए ही पता चलेगा कि किस कारोबारी घराने का बॉन्ड किस पार्टी ने भुनाया है। किस कारोबारी ने किस पार्टी को कितना चंदा दिया है और कब दिया है यह पता चलने के बाद ही क्विड प्रो को यानी सरकार और पार्टियों के साथ कारोबारियों की मिलीभगत की पूरी तस्वीर सामने आएगी।अभी तो सिर्फ अंदाजा लगाया जा रहा है। हालांकि शुक्रवार को इस मामले में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने यह सवाल उठाया और भारतीय स्टेट बैंक से पूछा कि उसने बॉन्ड का यूनिक अल्फा न्यूमेरि नंबर क्यों नहीं दिया है। सर्वोच्च अदालत ने बैंक को यह नंबर भी सार्वजनिक करने को कहा है। इससे यह पता चल पाएगा कि किस कंपनी द्वारा खरीदा गया कौन सा बॉन्ड किस पार्टी ने भुनाया।स्टेट बैंक की ओर से जारी आंकड़ों पर और भी सवाल उठ रहे हैं। हालांकि अभी तक सारे आंकड़ों का विश्लेषण नहीं हो पाया है। सारे आंकड़ों का विश्लेषण होने के बाद ही पता चल पाएगा कि छोटी छोटी सैकड़ों कंपनियों ने जो बॉन्ड खरीदे हैं उन कंपनियों के पीछे कौन है या उनका क्या हित पूरा हो रहा है। लेकिन मोटे तौर पर विश्लेषण के बाद यह पता चल रहा है कि यह आंकड़ा अधूरा है। स्टेट बैंक की ओर से दी गई सूची में एक बड़ी गड़बड़ी का सवाल कांग्रेस ने उठाया है।कांग्रेस ने बताया है कि स्टेट बैंक के आंकड़े में दान देने वाले यानी चुनावी बॉन्ड खरीदने वालों की सूची में 18,871 एंट्री है, जबकि दान लेने वाले यानी बॉन्ड भुनाने वालों में 20,421 की एंट्री है। इस मिसमैच का क्या मतलब है? हालांकि भारतीय स्टेट बैंक की ओर से दिए गए आंकड़ों को वेबसाइट पर अपलोड करने के बाद चुनाव आयोग ने स्पष्ट कर दिया कि उसे स्टेट बैंक ने जो कुछ दिया था उसे उसने बिल्कुल उसी तरह से अपलोड कर दिया।

-हरिशंकर व्यास-

## व्यथा

कौन जाने मेरे मन की व्यथा
कौन पढ़े जीवन की यह कथा।।
किससे कहें हम अपनी व्यथा
किसको सुनाएँ असुनी यह कथा।।
हर जीवन मे होती है कुछ व्यथा
व्यथा से ही बनती
एक उम्दा कथा।।
ना होना कभी अधीर
देख यह व्यथा
जीवन लम्बी है इससे बनेगी
एक कथा।।
संघर्ष को माने यदि
साथियों हम व्यथा
इसी से तो बनती है
एक बेहतरीन कथा।।



**लक्ष्मी नारायण सेन**
खुटेरी फिंगेश्वर
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## कैलाश की होली



होली आई रे कन्हाई
रंगों की बौछार लाई रे,
नाचे चंग की थाप पर
सभी नर- नार रे,
होली आई रे, होली आई रे
रंग लगाया भोलेनाथ ने
गौरा को पीला -पीला,
मुस्काई भवानी हर्षित हो गया,
मन शंकर का हठीला,
हाथों में भर-भर फिर,
अबीर गुलाल उड़ाई रे,
होली आई रे,होली आई रे,
सज रहे हैं मां-महादेव संग किया है,
रंगों का सुंदर अभिषेक,
हरा, नीला,गुलाबी कितने सारे,
रंग मिल गए एकाएक,
देखो कैलाश पर छाई,
रंगीली आनंदमस्ती रे,
होली आई रे,होली आई रे
किया है आज शिव-शिवा ने,
रंगों का अद्भुत श्रृंगार,
छवि लगती इतनी प्यारी,
ले लूं मैं नज़र उतार,
धूम मची मेरे तन मन में ,
चरणों में शीश नवाऊं रे,
होली आई रे, होली आई रे ज्ज
होली आई रे कन्हाई
रंगों की बौछार लाई रे,
नाचे चंग की थाप पर
सभी नर- नार रे,
होली आई रे, होली आई रे



**मोनिका डागा**
आनंद ,
चेन्नई,
तमिलनाडु

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## अभी हारा नहीं हूं मैं

फिर से कोशिश करूंगा,
किस्मत का मारा नहीं हूं मैं।
हर हाल मे जीत कर रहूंगा,
अभी हारा नहीं हूं मैं।।
दुनिया को दिखा दूंगा,
किसी से कम नहीं हूं मैं।
गिरा तो फिर से उठूंगा,
अभी हारा नहीं हूं मैं।।
खुद को संभाल लूंगा,
अब बेसहारा नही हूं मैं।
लक्ष्य को पाकर रहूंगा,
अभी हारा नहीं हूं मैं।।
मंजिल की राह मुश्किल है,
पर कभी डरा नहीं हूं मैं।
खुद पर मुझे यकीन है,
अभी हारा नहीं हूं मैं।।
पत्थर से कई बार टकराया,
पर कभी गिरा नहीं हूं मैं।
हिम्मत ने हौसला बढ़ाया,
अभी हारा नहीं हूं मैं।।



**श्याम सुंदर साहू**
राजिम जिला
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

## चिंता है आपको तो बन जाओ आप-बाथरूम सिंगर

मानव फितरत उफ़ अब क्या बताऊं इस मानव फितरत का , क्यों कि मैं भी इसी फितरत के अंतर्गत ही तो आती हूँ । मैं कोई स्वर्ग से उतरी वीआईपी तो नहीं जो मुझमें यह फितरत नहीं समाई हो । मैं भी उन सभी आम इंसानों की श्रेणी में आती हूँ जब सब कुछ बेहतर चल रहा जिंदगी में फिर भी जबरदस्ती का टेंशन लेना । अब देखिये ना दूसरी फितरत ये बहुत बुरी है कि कभी भी ये नहीं मानते की जो जिंदगी में हो रहा वो आपके बेहतर के लिये ही हो रहा है । मगर हॉं ! जब दूसरों को सलाह देनी हो तो फोकट में सलाह देते फिरते की जो होता है अच्छे के लिये होता है परंतु कभी खुद पर इस बात को लागू नहीं करते । सच सही कहा जाता है दूसरों को सलाह देना बहुत सरल है परंतु जब खुद पर आंच आ जाए तो चिंताओं से खुद को घेर लेते हैं उन्हें देखकर दूसरे हमदर्द बन बस हमदर्दी जता ये सोचते की इनसे ज्यादा उदास या दुखी कोई है ही नहीं । खैर जब खुद पर कोई दुःखद आप बीती होती तो चेहरा , आंखें और आंसू बोल ही देते आपकी व्यथा ।

कुछ लोग तो मुंह पर हमदर्दी जताते , परंतु पीठ पीछे मखौल उड़ा कहते वैसे तो दूसरों को बड़ा समझाता या समझाती फिरती थी या था । अब खुद पर बला आई तो समझ आया इसको की दुःख क्या होता है । क्यों हम मानव इस फितरत के आधीन हो इस फितरत के गुलाम ही हो जाते हैं । दरअसल आज इस विषय पर कलम मुझे रोके ना रोक पा रही लिखने से । कलम को रोका तो जज़्बात एक टीस की तरह चुभ रहे और जज़्बात ही मेरे ताने दे रहे की लिख अब क्यों नहीं लिखती तू । बस जज़्बात , कलम ही हैं जो मुझे आज मेरी ही भावनाओं को जो निहायती चिंता से ग्रसित हैं उन्हें लिखने के लिये आमदा कर आतूर कर दिये ।

दरअसल जिंदगी है और इस जिंदगी में कम ज्यादा तो चलता ही रहता है खट्टी-मीठी सी भरी जिंदगी में अगर कुछ पल ही सही कड़वा स्वाद आ जाए तो , मुंह का जायका ही जैसे बिगड़ जाता है । ठीक उसी तरह मेरी जिंदगी में भी वो खट्टे मीठे पल संग कुछ देर का कसारा पन भी आया तो खुद को इस कदर चिंताओं से घिरा महसूस किया लगा की जैसे मैं ही दुनिया की सबसे चिंतित महिला हूँ । जब की जब कभी मेरी सखियां अपनी कोई भी बात अपना समझ मुझ संग साझा करती तो उन्हें लम्बे-लम्बे उपदेश दे समझाती फिरती तर्क संग । खैर यदि किसी को अगर आपसे अपने दिल का हाल साझा कर सुकून मिलता तो जरूर इतमिनान से सुन सही सुझावे देकर मार्गदर्शन करना ही मानवता धर्म है । मैं अपनी ही नहीं बल्कि समस्त सृष्टि में बसर करने वाले इंसानों की बात कर रही जो की बहुत समझदार होने के बावजूद दूसरों का मार्गदर्शन करने की काबिलियत रखने वाले जब खुद पर आपबीती आती तो क्यों लड़खड़ा जाते । कहॉं चली जाती उस समय उनकी काबिलियत ? क्यों वो खुद पर भी चिंतामुक्त रहने के नियम को लागू नहीं कर पाते । अब यहॉं तो सृष्टि के अंतर्गत कुछ ऐसे इंसानों की श्रेणी से भी वाकिफ हूँ जो सर्व सुख सुविधाओं से परिपूर्ण हैं जिनकी जिंदगी में दुःख दर्द क्या होता उन्हें पता तक नहीं होता । ऐसा लगता की दुःख तो इनके लिये बना ही नहीं है । जैसे भगवान ने इनका जन्म सिर्फ और सिर्फ सुखों को भोगने वासते ही किया हो । फिर भी ऐसे बहुत से इंसा हैं कि खुद को चिंताओं से घिरा हुआ ही मानते थे या यूँ कह लो जबरदस्ती का चिंताओं से खुद को घेरे रखना आदत सी बन गयी हो इनकी ।

इंस्टाग्राम पर आज जब यूंही समय बिताने के लिए बस रील पर रील देखें जा रही थी । पता है बहुत सी रील ऐसी भी होती जो बहुत ही ज्ञानवर्धक होती और उन्हीं रीलों में से हम लेखकों को भी लिखने का कभी-कभी कोई न कोई विषय मिल ही जाता । उसी तरह मेरी भी एक रील पर आकर नज़र टिक गयी वो रील जानते हैं किसके ऊपर बनी थी वो इंसा जो दुनिया के दिलों में राज़ करता था मशहूर पॉप सिंगर मॉइकल जैक्सन के ऊपर जिसके अंतर्गत ये बताया गया था बेशुमार दौलत , नाम से नवाजे गये माइकल जैक्सन को सदैव अपने ही मौत की या यूं कह लो जिस्म् की चिंता रहती थी उन्हें अपनी जिंदगी से बहुत ही प्यार था । जो चाहते थे जीना जिसके लिए उन्होंने अनगिनत सेवा में डाक्टर वगैरह-वगैरह की टीम लगा रखी थी जो पैसा भरपूर लुटाते ताकी बस उन्हें कोई नुक्सान न हो परंतु होनी को भला कौन टाल सकता । बहुत ही कम उम्र में मौत ने उन्हें अपने आगोश में समा लिया अब बताइए मेरा ये मानना है की ये मौत उनकी सामान्य मौत नहीं कही जाएगी बल्कि उन्होंने सब कुछ होने के बावजूद जबरदस्ती एक नहीं अनेक चिंताओं से अपने आस-पास एक चक्रव्यूह बना लिया था और उनके ही बनाये गये उस चक्रव्यूह ने ही उनको घेर कर उनके प्राणों को हर लिया । इसलिए कहते चिंता चिता समान और जो होना है वो होके ही रहेगा फिर क्यों चिंता करते हैं । इसलिए खुश रहे आबाद रहे चिंता नामक घातक हथियार अगर कभी वार करे आपके ऊपर और वो हावी होना चाहे तो वो संगीत या गाना सुने आप जो सबसे अधिक पसंदीदा हो आपका और बाथरूम सिंगर ही सही , बाथरूम सिंगर बन जोर-जोर से साथ में गाएं । नज़र अंदाज़ कर दें की कौन क्या कहेगा या क्या सोचेगा । क्यों कि चिंता आपके शरीर को नुक्सान पहुंचाएगी सोचने वाले के शरीर पर नहीं । तो आज से चिंता को कहें बाय-बाय ।



**वीना आडवाणी तन्वी**
नागपुर,
महाराष्ट्र

प्रकाशक: दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

CMYK

# बीएससी प्रश्न पत्र में सिलेबस के बाहर से आए प्रश्न,छात्र परेशान

- सवाददाता -
अंबिकापुर,18 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2023-24 की मुख्य परीक्षा आयोजित की जा रही है। इस परीक्षा में 18 मार्च को सोमवार को बीएससी के प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए अंग्रेजी भाषा की परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा में सम्भाग भर के छात्रों ने भाग लिया। परंतु, परीक्षा के अंतर्गत बड़ी चूक की रिपोर्ट आई है। अंग्रेजी के प्रश्नपत्र में सिलेबस के बाहर के लगभग 15 अंक के प्रश्न पूछे गए थे। यह स्थिति छात्रों को काफी परेशान कर देने वाली थी, और उन्हें प्रश्नपत्र को सही ढंग से हल नहीं कर पाने की समस्या हुई। छात्रों की परेशानी को देखते हुए छात्र संगठन ने कुलपति अशोक सिंह को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उन्होंने छात्रों के प्रश्नपत्र में आए बाहरी पाठ्यक्रम से संबंधित प्रश्नों के लिए बोनस अंक देने की मांग की है।




हालांकि, यह पहली दफा नही हुआ है इसके पूर्व में भी इस प्रकार विश्वविद्यालय द्वारा किया जा चुका है जिसपर विश्वविद्यालय का कहना था कि बाहर से आए प्रश्नों को देखते हुए उस प्रश्नपत्र का पुनः परीक्षा आयोजित किया जाएगा। परन्तु छात्र संगठन ने इसपर पूरी तरह विरोध जताया है। संघ का मानना है कि यह गलती पहली बार नही है विश्वविद्यालय की ओर से और विश्वविद्यालय की गलती का खामियाजा पुनः परीक्षा में शामिल होकर छात्र क्यों भुगतेंगे। संघ ने इस मामले को संदर्भित लोगों के साथ साझा करने के लिए इस मुद्दे पर सामाजिक मीडिया पर भी चर्चा की है। ज्ञापन में उन्होंने व्यक्त किया कि इस प्रकार के प्रश्नों के आगे छात्रों की विद्यार्थी जीवन में बुरा प्रभाव पड़ता है और इससे उनके अध्ययन में भी अवरोध होता है। उन्होंने ज्ञापित किया कि छात्रों की समस्या को गंभीरता से लिया जाना चाहिए और तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है कुलपति द्वारा उचित आश्वासन देते हुए, तत्काल कार्रवाई करने की बात कही गई है। विश्वविद्यालय ने इस मामले को गंभीरता से लिया है और छात्रों के हित में उचित कदम उठाने का आश्वासन दिया है। इस दौरान संघ के संजय बड़ा, एवं अन्य छात्र उपस्थित रहे।



## रौनियार महिलाएं रचनात्मक कार्य कर आएं आगे

» अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में रौनियार समाज की महिलाएं हुई एकजुट

- संवाददाता -
अंबिकापुर,18 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

रौनियार समाज की महिलाओं द्वारा फील आनंदम पैलेस में हर्षोल्लास के साथ अंतरर्राष्ट्रीय महिला दिवस रविवार को मनाया गया। समाज की वरिष्ठ सदस्य कंचन गुप्ता व नीलू गुप्ता इकाई अध्यक्ष अंबिकापुर के नेतृत्व कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में रेणु गुप्ता, सुनैना गुप्ता, कांति गुप्ता, गायत्री गुप्ता उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में पत्थलगांव से अमृता, ममता सलका रहीं। कार्यक्रम में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था जिसमें नारी शक्ति पर नृत्य, भाषण ,कविता व भजन की प्रस्तुति महिलाओं ने दी। समाज की महिलाओं ने सभी प्रतियोगिताओं में बढ-चढ़ का हिस्सा लिया। कंचन गुप्ता ने महिलाओं को संबोधित कर कहा कि रौनियार महिला समाज को आगे आकर सामजिक कार्यों में हाथ बढ़ाने की जरूरत है। महिलाओं का अस्तित्व उनकी क्षमता पर निर्भर है। महिलाओं को संगठन में मजबूती के साथ काम करना है तभी यह संगठन और मजबूत होगा। रचनात्मक कार्य कर अन्य समाज की महिलाओं के लिए प्रेरणा का काम सभी महिलाएं करें। इस दौरान अमृता, नीलू, प्रिया, रीना, संगीता, पूनम, रेखा, नीना, रचना, ममता एवं खुशी ने भी कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। महिलाएं लाल रंग के परिधान में थीं। मंच संचालन नीलू गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में में सुनीता गुप्ता, रचना गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता, ममता गुप्ता, ज्योति गुप्ता, गीता गुप्ता, अनिता गुप्ता सहित काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## कार से 140 लीटर महुआ शराब की तस्करी करते आरोपी गिरफ्तार



- संवाददाता -
अंबिकापुर,18 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

कार से महुआ शराब की तस्करी करते पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 140 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

गांधीनगर पुलिस 18 मार्च को चठिरमा बेरियर के पास चेकिंग प्वाइंट लगाकर वाहनों की जांच की जा रही थी। इस दौरान पुलिस ने कार क्रमांक सीजी 10 एच 5600 को रूकवाकर चेकिंग वाहन चालक भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर वाहन की जांच की तो 140 लीटर महुआ शराब पाया गया। पुलिस ने वाहन सहित शराब को जब्त कर आरोपी अनुकूल मिस्त्री पिता अतुल मिस्त्री उम्र 38 वर्ष निवासी चठिरमा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में प्रधान आरक्षक संतोष कश्यप, आरक्षक अनिल पैंकरा, रक्षित केन्द्र से आरक्षक अलबिनुस लकड़ा, प्रमोद गुप्ता सक्रिय रहे।

## दो दिन के अंदर 69 आदतन अपाधियों पर की गई कार्रवाई

- संवाददाता -

अंबिकापुर,18 मार्च 2024 (घटती-घटना)। लोकसभा चुनाव को लेकर आदतन अपराधियों पर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। दो दिन के अंदर 69 आदतन अपराधियों के विरूद्ध कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक सरगुजा के निर्देशन पर थाना गांधीनगर पुलिस द्वारा आगामी आमचुनाव एवं होली त्यौहार के मद्देनजर शांति एवं सौहार्द्रपूर्ण कानून व्यवस्था की दृष्टिकोण से विगत् 02 दिवस में धारा 110 जाफौ अभियान के तहत् आदतन अपराधियों के विरूद्ध ताबड़तोड़ कार्यवाही की गई है। एवं विगत् 2 दिवस में सरगुजा जिले में कुल 69 आदतन अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही गई है। विगत 2 दिवस में जिला अन्तर्गत थाना गांधीनगर में 16, लुण्ड्रा में 12, मणीपुर में 11, लखनपुर और उदयपुर में 9-9, कोतवाली में 5, कमलेश्वरपुर में 3, बतौली में 2 एवं थाना सीतपुर और धौरपुर में 1-1 प्रकरण तैयार कर अपराधियों के विरूद्ध इंटरीम बाउण्ड ओवर की कार्यवाही भी की जा रही है। सरगुजा पुलिस द्वारा आगामी आमचुनाव एवं होली त्यौहार के मद्देनजर धारा 110 जा.फौ. ''अभियान'' के तहत् जिले में कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।

# अभियुक्त का सार्वजनिक बयान चोर की दाढ़ी में तिनका जैसा : प्रबोध मिंज

- संवाददाता -
अंबिकापुर,18 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

महादेव ऐप मामले में ईडी द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर एफआईआर दर्ज किए जाने को लेकर लूँड्रॉ विधायक प्रबोध मिंज ने भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह तथा अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल की उपस्थिति में आज संकल्प भवन भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर मुकदमा दर्ज होने और उस पर अभियुक्त बघेल द्वारा प्रेस में दी गयी प्रतिक्रिया वास्तव में चोर की दाढ़ी में तिनका जैसा ही है। भूपेश जी को जो भी कहना है, संबंधित एजेंसी या कोर्ट में कहना चाहिए। अनाप-शनाप राजनीतिक बयानबाजी से कोई लाभ नहीं होगा। उन्होंने कहा कि सोश्यल मीडिया पर घूम रही प्राथमिकी के दो पन्ने पर अपनी भड़ास निकालने से बेहतर है कि अभियुक्त उचित माध्यम से मूल कॉपी प्राप्त कर न्यायिक प्रक्रिया का सामना और सम्मान करें। भूपेश बघेल या तब की कांग्रेस सरकार के खिलाफ महादेव ऐप से संबंधित जितने भी विषय हैं, वह इससे कहीं अधिक गंभीर और विस्तृत हैं, जितना इस दो पेज में है। किसी भी संदेही या अभियुक्त पर जांच एजेंसियों की कारवाई नियमित प्रक्रिया का हिस्सा है। कानून किसी के कद या पद के आधार पर भेदभाव नहीं करता। न ही इसका कोई राजनीतिक अर्थ है। चुनाव आदि से भी इसका कोई संबंध नहीं है। कानून अपना काम करेगा। जांच एजेंसियां अपना काम कर रही है। वे गुण-दोष के आधार पर निर्णय लेने स्वतंत्र है। उन्होंने कहा कि जहां तक महादेव ऐप का विषय है, तो कांग्रेस के समय से ही इसकी जांच प्रक्रिया प्रारंभ हुई थी, ऐसा तब की कांग्रेस सरकार का भी दावा था। अब जब कारवाई आगे बढ़ी हैं, तो कांग्रेस के पेट में दर्द होना साबित करता है कि सारी दाल ही उसकी काली है। छत्तीसगढ़ की जनता की गाढ़ी कमाई को लूट कर इसका हिस्सा कहां तक पहुंचता था, यह अभियुक्तों के वीडियो से भी सामने आया ही था। समाचारों में काफी कुछ इससे पहले भी आ ही चुका है। ईडी की जांच में स्पष्ट रूप से सामने आया था कि असीमदास नामक व्यक्ति के कब्जे से जो 5.39 करोड़ रुपए ईडी ने बरामद किए थे, उसे भूपेश बघेल को पहुँचाने के लिए दिया गया था, ऐसा असमीमदास ने कहा था। इसी तरह से जो वीडियो शुभम सोनी का दुबई से जारी हुई था, उसमें भी करोड़ों की रकम अभियुक्त भूपेश बघेल को देने की बाल सामने आयी थी। आज भी आप गूगल पर 508 करोड़ टाइप करें तो भूपेश जी के कारनामे सामने आएँगे।




### युवाओं से की गई यह ठगी बर्दाश्त नहीं

उन्होंने कहा कि कांग्रेस द्वारा प्रदेश के युवाओं से की गयी यह ठगी और लूट बर्दाश्त के काबिल नहीं है। यह उस भरोसे की हत्या है, जो गलती से जनता ने 2018 में कांग्रेस पर कर लिया था। यह कांग्रेस द्वारा जनता से किया गया अन्याय है। जो भी इसके दोषी हों, चाहे वे कितने भी बड़े हों, उन पर कारवाई होनी ही चाहिए। छत्तीसगढ़ महतारी को लूट कर अपने आका का एटीएम बन चुके लोगों को बेनकाब होना ही चाहिये। जहां तक राजनीतिक द्वेषवश कारवाई का आरोप है, तो पहले ही कहा है हमने कि कांग्रेस के समय ही यह जांच शुरू हुई थी, ऐसा तब की सरकार का दावा भी था। उसी सिलसिले में जैसे-जैसे तथ्य सामने आ रहे हैं, कारवाई आगे बढ़ रही है। ऐसे में भाजपा पर आरोप लगाना बेमानी है, खिसियाहट है,भूपेश जी की बौखलाहट है।

### पार्टी अपनी लड़ाई जनता जनार्दन के न्यायालय में लडऩा जानती है

उन्होंने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार मोदी गारंटी पूरा करने में व्यस्त है। उसे कांग्रेस जैसा षड्यंत्र रचने की न तो फुरसत है और न ही ऐसी कोई मंशा है। पार्टी अपनी लड़ाई जनता जनार्दन के न्यायालय में लडऩा जानती है। जांच एजेंसियां अपना काम कर रही है। अभियुक्त भूपेश बघेल भी कारवाइयों का सामना करें। अनाप- शनाप बयानबाजी के इनके खेल को जनता समझ गयी है। इनके काठ की हांडी अब जनता कभी चढने नहीं देगी। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के पतन के साथ ही सुशासन लौट आया है, कानून भी अपना काम कर रहा है। भगवान का नाम लेकर धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश, विश्वासघात और जालसाजी रचने वालों पर पर महादेव का प्रकोप बरसना तय है। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता, त्रिलोक कपूर कुशवाहा, संतोष दास, रूपेश दुबे, विश्वविजय तोमर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।







लोकसभा निर्वाचन 2024

## आदर्श आचार संहिता लागू होने के 48 घण्टो के भीतर सार्वजनिक स्थानों से हटाए गए 6 हजार से अधिक बैनर,पोस्टर तथा अन्य सामग्रियां

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 18 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु 16 मार्च को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा किये जाने के साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर के आदेशानुसार आदर्श आचार संहिता लागू होते ही संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कार्यवाही जारी है। 24 घण्टों के भीतर शासकीय कार्यालयों एवं स्थानों से सम्पत्ति विरूपण की कार्यवाही पूर्ण कर ली गई, वहीं सोमवार को 48 घण्टे पूर्ण होने पर सार्वजनिक स्थानों से भी बैनर, पोस्टर तथा अन्य सामग्रियां हटा लिए गए हैं। जिसके तहत सार्वजनिक स्थानों से कुल 06 हजार 658 राजनैतिक सबद्धता के सभी विज्ञापन, बैनर, पोस्टर, फ्लैक्सी,दीवारलेखन,राजनैतिक व्यक्तियों के फोटो आदि हटा दिए गए हैं। जिसमें 1189 दीवार लेखन, 2118 पोस्टर, 578 बैनर, 2773 अन्य सामग्रियां हटाई गई हैं।

इसी प्रकार निजी घरों एवं सम्पत्ति से भी कुल 2 हजार 235 बैनर, पोस्टर तथा अन्य सामग्रियां हटायी गई है, जिनमें 924 दीवार लेखन, 633 पोस्टर, 246 बैनर, 432 अन्य सामग्रियां हटा लिए गए हैं। निजी घरों एवं सम्पत्तियों से सम्पत्ति विरूपण की कार्यवाही आदर्श आचरण संहिता लागू होने के 72 घण्टों तक जारी रहेगी।

## पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव का असर,बारिश के साथ गिरे ओले



- संवाददाता -
अंबिकापुर, 18 मार्च 2024 (घटती-घटना)।

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से उत्तरी छत्तीसगढ़ में बादलों की उपस्थिति बनी हुई है। इसका प्रभाव दो दिनों तक बने रहने की संभावना है। रविवार की रात तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश हुई है। वहीं सोमवार की सुबह से ही बादलों की सक्रियता रही और शाम को हल्की बारिश हुई। बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। पिछ्ले कुछ दिनों से तापमान में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही थी। ऐसा लग रहा था कि अप्रैल मई का महीना शुरू हो चुका है। तेज धूप लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया था। बारिश होने से लोगों ने गर्मी से राहत मिली है। वहीं मौसम के अनुसार अगले 48 घंटे तक उत्तरी छत्तीसगढ़ में मौसम खराब रहने की संभावना है। इस दौरान तेज गरज के साथ बारिश व ओलावृष्टि की संभावना बनी हुई है। सोमवार को कई जगहों पर तेज हवा के साथ बारिश हुई। वहीं दोपहर करीब 3 बजे बलरामपुर जिले के वाड्रफनगर ब्लाक के ग्राम सुलसुली में लगभग 10 मिनट तक ओलावृष्टि होने से बर्फ की सफेद चादर बिछ गई। मौसम विभाग के अनुसार अंबिकापुर में 27.0 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

CMYK

# पाकिस्तान ने अफगान सीमा के पार जाकर किया हवाई हमला , आठ की मौत; तालिबान ने दी धमकी

**काबुल, 18 मार्च 2024।** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने पाकिस्तान की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के अंदर दो हवाई हमले किए, जिसमें आठ लोगों की मौत हो गई है। तालिबान ने इसे देश की संप्रभुता का उल्लंघन बताया है। इस हमले में कई महिलाएं और बच्चे भी मारे गए।

### आतंकी लगातार सरहद पर कर रहे हमला- पाकिस्तान

2021 में अफगानिस्तान में तालिबान सरकार के सत्ता कब्जा के बाद से दोनों देशों के बीच लगातार सीमा विवाद बढ़ गया है। पाकिस्तान का दावा है कि आतंकवादी लगातार सरहद पर हमला कर रहे हैं। प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने एक बयान में कहा कि लगभग तीन बजे पाकिस्तानी विमानों ने पाकिस्तान की सीमा के पास खोस्त और पक्तिका प्रांतों में घरों पर बमबारी की।



राष्ट्रपति जरदारी ने दी जवाबी कार्रवाई की चेतावनी

गौरतलब है कि ये हमले शनिवार को पाकिस्तान क्षेत्र के अंदर एक हमले में सात पाकिस्तानी सैनिकों के मारे जाने के बाद हुए, जिसके लिए देश के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने जवाबी कार्रवाई की बात कही थी। उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान की सीमाओं, घरों या जरूरत पड़े तो देश में भी घुसेगा। हर आतंकी का खात्मा किया जाएगा। बता दें सीमा के पास के क्षेत्र लंबे समय से पाकिस्तान में तालिबान समूह तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) जैसे आतंकवादी समूहों का गढ़ रहे हैं, जो अफगानिस्तान के साथ खुली सीमा पर काम करता है।

### तालिबान के सत्ता में आते ही बढ़ा दोनों देशों के बीच तनाव

विश्लेषकों का कहना है कि विश्लेषकों का कहना है कि तालिबान की सत्ता में वापसी के बाद से पूर्व जनजातीय क्षेत्रों में आतंकवादियों का हौसला बढ़ गया है, टीटीपी सुरक्षा अधिकारियों के खिलाफ बढ़ते अभियान चला रहा है। तालिबान पाकिस्तानी आतंकवादियों को पनाह देने से इनकार करता है। तालिबान अधिकारियों ने कहा कि 2022 में पाकिस्तानी सैन्य हेलीकॉप्टरों ने सीमा के अफगान क्षेत्र में हमले किए जिसमें कम से कम 47 लोग मारे गए। पक्तिका के बरमाल जिले में घरों पर हमला किया गया था।

# अपनी सेहत को लेकर खुद जानकारी देंगी ब्रिटिश राजघराने की बहू केट,अफवाहों के बीच ब्रिटिश मीडिया का दावा



**लंदन, 18 मार्च 2024।** ब्रिटिश राजघराने की बहू और प्रिंसेस ऑफ वेल्स केट मिडलटन की सेहत को लेकर अफवाहों का बाजार गर्म है। अब खबर आई है कि केट मिडलटन ने खुद सार्वजनिक तौर पर अपनी सेहत के बारे में जानकारी देने का फैसला किया है। ब्रिटिश मीडिया ने शाही घराने के सूत्रों के हवाले से यह दावा किया है। हालांकि केट कब अपनी सेहत के बारे में किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में जानकारी देंगी, इसका पता नहीं चला है, लेकिन बताया जा रहा है कि इस बारे में केट कोई जल्दबाजी करने के मूड में नहीं हैं।

### केट की सेहत को लेकर अफवाहों का दौर

केट मिडलटन की इस साल जनवरी में पेट की सर्जरी हुई थी। सर्जरी के बाद केनसिंग्टन पैलेस ने बयान जारी कर इसकी जानकारी दी और बताया कि केट फिलहाल आराम कर रही हैं और वे 31 मार्च के बाद ही सार्वजनिक तौर पर दिख सकेंगी। हालांकि बीते दिनों मदर्स डे के मौके पर केनसिंग्टन पैलेस ने केट की जो तस्वीर जारी की, उसे लेकर विवाद हो गया और उनकी सेहत को लेकर अफवाहें उड़ने लगीं। दरअसल केट की उनके बच्चों के साथ जो तस्वीर जारी की गई थी, उसमें छेड़छाड़ की गई थी, जिसके बाद तस्वीर को सभी प्लेटफॉर्म से हटा लिया गया था। इसके बाद ही केट की सेहत को लेकर चर्चा शुरू हो गई।

वहीं हाल ही में केनसिंग्टन पैलेस के कई स्टाफ ने दावा किया था कि उन्होंने कई दिनों से केट को नहीं देखा है। केट मिडलटन सार्वजनिक तौर पर भी लंबे समय से नहीं दिखाई दी हैं। यही वजह है कि केट मिडलटन की सेहत को लेकर तरह-तरह की अफवाहें शुरू हो गईं।

# दक्षिण कोरिया-अमेरिका का सैन्य अभ्यास खत्म होते ही,उत्तर कोरिया ने दागी मिसाइलें,बढ़ा तनाव

**टोक्यो, 18 मार्च 2024।** उत्तर कोरिया ने एक बार फिर उकसावे वाली कार्रवाई की है। उत्तर कोरिया ने सोमवार की सुबह अपनी पूर्वी जलीय सीमा की तरफ कई कम दूरी वाली बैलिस्टिक मिसाइलों को फायर किया। उत्तर कोरिया की तरफ से ये मिसाइलें ऐसे समय दागी गई हैं, जब हाल ही में दक्षिण कोरिया और अमेरिका के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास खत्म हुआ है। उत्तर कोरिया की इस कार्रवाई से कोरियाई प्रायद्वीप में तनाव बढ़ गया है।

### जापान की सरकार ने जताई नाराजगी

जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने संसदीय सत्र के दौरान बताया कि उत्तर कोरिया ने कोरियाई



प्रायद्वीप और जापान की तरफ कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागी, जो जापान के एक्सक्लूसिव इकॉनोमिक जोन के बाहर गिरीं। इन मिसाइलों से कोई नुकसान नहीं हुआ है। जापान ने इस पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि यह जापान, क्षेत्रीय शांति और अंतरराष्ट्रीय समाज के लिए खतरा है। जापान ने कहा कि यह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के उस प्रस्ताव का भी उल्लंघन है, जिसमें उत्तर कोरिया की बैलिस्टिक मिसाइलों से संबंधित गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाया गया था।

### दक्षिण कोरिया और अमेरिका की सेनाओं के बीच हुआ युद्धाभ्यास

दक्षिण कोरिया की सेना ने भी बयान जारी कर कहा है कि उन्होंने कुछ संदिग्ध बैलिस्टिक मिसाइलों का पता लगाया है। दक्षिण कोरिया के संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ ने कहा है कि हम हालात पर नजर बनाए हुए हैं और सर्विलांस कर रहे हैं। दक्षिण कोरिया और अमेरिका की सेनाओं के बीच 11 दिनों तक चला संयुक्त युद्धाभ्यास बीते गुरुवार को ही खत्म हुआ है।

# गाजा में अल शिफा अस्पताल पर इस्राइल की बमबारी, इमारत ढही; आतंकियों के छिपे होने का दावा

**गाजा, 18 मार्च 2024।** इस्राइल ने गाजा के अल शिफा अस्पताल में सैन्य अभियान शुरू किया है। इस्राइल ने दावा किया कि हमास के कुछ आतंकी अल शिफा अस्पातल में छिपे हुए हैं। इस्राइल रक्षा बल(आईडीएफ) के प्रवक्ता ने सोमवार तड़के कहा कि यह ऑपरेशन एक ठोस खुफिया जानकारी के बाद किया गया। हमारा मकसद नागरिकों को नुकसान पहुंचाने के बजाए हमास के आतंकवादियों से मुकाबला करना है।

### फिर इकट्ठा हो रहे हमासके आतंकी-इस्राइल सेना

आरएडीएम हगारी ने कहा कि हम जानते हैं कि हमास के वरिष्ठ आतंकवादी अल शिफा अस्पताल के अंदर फिर इकट्ठा हो गए, जिनकी मंशा इस्राइल के खिलाफ एक ओर



हमला करना था। आतंकवादियों के खात्में के तहत हमने यह कार्रवाई की। हम नागरिक के हितों को ध्यान में रखकर कार्रवाई करते हैं। आईडीएफ ने अस्पताल परिसर में मरीजों की सहायता के लिए अरबी बोलने वालों और चिकित्सा कर्मियों को तैनात किया है। लगातार क्षेत्र में नागरिकों की सहायता के लिए भी हम प्रतिबद्ध है। इस्राइली सेना ने हमास के आतंकवादियों से आत्मसमर्पण करने का आह्वान किया। साथ ही इस्राइल ने कहा कि आतंकवादी गतिविधियों के लिए चिकित्सा सुविधाओं का कभी भी उपयोग नहीं किया जाना चाहिए।

### गाजा का स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस्राइल पर लगाए आरोप

इस बीच, गाजा में हमास नियंत्रित स्वास्थ्य मंत्रालय ने चल रहे इस्राइली ऑपरेशन पर एक बयान जारी किया किया। जिसमें कहा गया कि हम अल शिफा मेडिकल कॉम्प्लेक्स के अंदर मेडिकल स्टाफ, मरीजों और विस्थापित लोगों के जीवन के लिए इस्राइली कब्जे को जिम्मेदार मानते हैं। कब्जा करने वाली ताकतें जो कर रही हैं वह अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का घोर उल्लंघन है। इस्राइली कब्जा अभी भी दुनिया को धोखा देने और अल शिफा मेडिकल कॉम्प्लेक्स पर हमले को सही ठहराने के लिए अपने मनगढ़ंत बयानबाजी का इस्तेमाल कर रहा है।

### इस्राइल की बमबारी से लगी इमारत में आग- रिपोर्ट में दावा

गौरतलब है कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिखाई दे रहा है कि इस्राइल की सेना अभियान के दौरान कई फलस्तीनियों को गाजा के अल शिफा अस्पताल से भागते हुए देखा गया। इस्राइली सेना ने उत्तरी गाजा शहर में चिकित्सा परिसर के अंदर गोलीबारी की, जिससे मौतें और चोटें आईं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इस्राइली बमबारी के कारण अल-शिफा अस्पताल की एक इमारत में आग लग गई।

# शख्स को थी माइग्रेन की शिकायत, दिमाग में निकला कृमि

**वाशिंगटन, 18 मार्च 2024।** अमेरिका में एक शख्स को लगातार माइग्रेन की शिकायत की थी। इसके बाद जांच में पता चला कि उसके दिमाग में कृमि (टेपवर्म का लार्वा) है। जानकारी के मुताबिक, 52 वर्षीय शख्स बार-बार माइग्रेन की शिकायत कर रहा था। लेकिन कुछ दिनों में ही हालात बिगड़ने लगी और दवाईयों ने काम करना बंद कर दिया।

सीटी स्कैन में पता चला कि लगभग चार महीने से उसके दिमाग में जीवित था और अंडे दे रहा था। यह ऐसा परजीवी कीड़ा है, जो इंसानों और जानवरों को संक्रमित करता है। आमतौर पर यह आंतों में पाया जाता है, लेकिन कुछ परिस्थितियों में इसके लिए दिमाग तक पहुंचना भी कोई मुश्किल काम नहीं है।

जानलेवा साबित हो सकता है संक्रमण

अमेरिकन जर्नल ऑफ केस रिपोर्ट में प्रकाशित इस घटना में शोधकर्ताओं ने बताया



कि अमेरिका में इससे पहले भी संक्रमित पोर्क (सुअर) के इन्फेक्शन से जुड़े मामले सामने आ चुके हैं, ऐसे में यह एक सामान्य केस है। अब मरीज के दिमाग में जमा गांठ को डॉक्टरों ने खत्म कर दिया है। हालांकि, यह एक ऐसा संक्रमण है, जो किसी की जान भी ले सकता है।

### पत्ता गोभी में पाया जाता है यह कीड़ा

सब्जियों में यह कीड़ा पत्ता गोभी में भी पाया जाता है। वहीं, मांसाहारी भोजन में यह कच्चा मांस खाने से दिमाग तक पहुंचता है। डॉक्टरों के मुताबिक,शख्स बचपन से अधपका या कच्चा मांस खाता रहा होगा। अधपके बेकन में कई बैक्टीरिया होते हैं, जो आंत में प्रवेश करके दिमाग तक चले जाते हैं।

### क्या है सिस्टिसिरोसिस

सिस्टिसिरोसिस एक तरह का संक्रमण है जो पैरासाइट टेनिया सोलियम के लार्वा के कारण होता है, जिसे पोर्क टैपवार्म भी कहा जाता है, इससे दिमाग में गांठ बनने लगती है। यह शरीर से अपशिष्ट के रूप में बाहर निकल सकता है और संक्रमण फैलाता है।

# पांचवीं बार व्लादिमीर पुतिन बने रूस के राष्ट्रपति, विपक्षी नेता नवलनी की मौत पर बोले- दुखद घटना



**मॉस्को, 18 मार्च 2024।** रूस के राष्ट्रपति चुनाव में एक बार फिर व्लादिमीर पुतिन ने बड़ी जीत हासिल की है। राष्ट्रपति पद पर जीत के बाद पुतिन ने कहा कि फरवरी में आर्कटिक जेल में विपक्षी नेता की अचानक मौत से पहले वह एलेक्सी नवलनी से जुड़े कैदियों की अदला-बदली के लिए सहमत हो गए थे। नवलनी की मौत को दुखद घटना बताते हुए पुतिन ने कहा कि जेलों में बंद अन्य कैदियों की मौत के मामले भी हैं।

### नवनली की मौत एक दुखद घटना- पुतिन

रविवार को चुनाव मुख्यालय से अपने संबोधन में पुतिन ने कहा कि जहां तक नवलनी का सवाल है - हां, उनका निधन हो गया। यह एक दुखद घटना है। केवल एक शर्त थी कि हम उसके बदले में उसे वापस न आने देंगे। ऐसी चीजें होती रहती हैं। आप इसके बारे में कुछ नहीं कर सकते, यह जीवन का हिस्सा है।

### चुनावों ने राष्ट्रीय एकता को मजबूत किया- पुतिन

रूसी जेल सेवा का हवाला देते हुए बताया कि 16 फरवरी को जेल में बंद रूसी विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की मृत्यु हो गई। रूसी जेल ने घोषणा की कि नवलनी टहलने के बाद अस्वस्थ महसूस करने लगे और जिसके बाद लगातार उनके स्वास्थ्य में गिरावट दर्ज की गई। पुतिन ने कहा कि चुनावों ने राष्ट्रीय एकता को मजबूत किया है और रूस के लिए आगे कई काम हैं ।

# होलिका दहन, रंग पर्व होली के अवसर पर जिले में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक सम्पन्न

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,18 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विलास भोस्कर की अध्यक्षता में आज आगामी 24 और 25 मार्च को होलिका दहन एवं रंगपर्व होली के मद्देनजर जिले में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान एसपी श्री विजय अग्रवाल, समिति के सभी सदस्य, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, समुदाय प्रमुख, गणमान्य नागरिक, मीडिया के प्रतिनिधि, जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी विलास भोस्कर ने कहा कि सामाजिक सद्भाव एवं आपसी भाईचारे के साथ गौरवशाली परम्परा एवं शान्तिपूर्ण ढंग से होली का त्योहार मनाया जाना हम सब की जिम्मेदारी है। उन्होंने बैठक में उपस्थित समिति के सदस्यों, गणमान्य नागरिकों एवं प्रशासनिक अधिकारियों से आपसी सहयोग और समन्वय कर जिले में शांति, सौहार्द्र और सद्भावना बनाये रखने की अपील की जिससे जिले में हमेशा की भांति उत्साह और उल्लास के साथ पर्व मनाया जा सके। उन्होंने कहा कि जिले में शांति भंग करने वाले असमाजिक तत्वों पर प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी एवं आवश्यक कार्रवाई भी होगी। उन्होंने ट्रैफिक व्यवस्था को बनाये रखने में सहयोग करने एवं सामाजिक सद्भाव बिगाड़ने वालों की सूचना शीघ्र जिला एवं पुलिस प्रशासन को देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर 16 मार्च से आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है, जिसके तहत होली त्यौहार में आचार संहिता के नियमों का पालन करना आवश्यक होगा जिसमें आप सभी का सहयोग जरूरी है।

» **लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता के पालन के साथ शांतिपूर्ण ढंग से मनाया जाएगा त्यौहार**

» **सामाजिक सद्भाव एवं आपसी भाईचारे के साथ गौरवशाली ढंग पर्व मनाया जाए, आदर्श आचार संहिता के तहत नियमों का पालन करना होगा आवश्यक-कलेक्टर भोस्कर**

» **शरारती तत्वों पर जिला एवं पुलिस प्रशासन की रहेगी कड़ी नजर, कानून का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं, होगी कड़ी कार्रवाई**





पुलिस अधीक्षक अग्रवाल ने कहा कि जिले में कानून व्यवस्था हेतु जिला एवं पुलिस प्रशासन की टीम एक्टिव रहेगी, शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस द्वारा लगातार पेट्रोलिंग भी की जाएगी। सार्वजनिक स्थानों पर पुलिस व जिला प्रशासन की संयुक्त टीम विजिट करेगी। हुड़दंग करने वाले शरारती तत्वों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी, कानून का उल्लंघन करने वालों पर आवश्यक कार्रवाई भी की जायेगी। आमजनों को किसी प्रकार की समस्या ना हो, इसका पूरा प्रयास रहेगा। शहर के भीतर एवं बाहर के स्थानों पर भी हमारी टीम जांच करेगी। शिकायत हेतु आमजनों के लिए कंट्रोल रूम का नम्बर जारी किया जाएगा। उन्होंने इस हेतु बैठक में सभी से क़ानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की।

बैठक में उपस्थित समिति के सदस्यों ने होली का पर्व जिले में शांतिपूर्ण, लोक परम्परागत ढंग से मनाए जाने हेतु अपने सुझाव रखे जिसमें होलिका दहन के समय बिजली के तारों का विशेष ध्यान रखते हुए अप्रिय घटना होने की आशंका के मद्देनजर बिजली के तारों के नीचे होलिका दहन ना करने, होली का त्योहार जिले में लोक परम्परागत ढंग से मनाए जाने, आदर्श आचार संहिता के पालन के साथ कानून के दायरे में मनाए जाने, और अनुमति के साथ होली मनाने दिए जाने की बात रखी। सदस्यों ने सुझाव रखे कि होली त्योहार के समय विद्यालय एवं महाविद्यालय की परीक्षाएं भी हैं, इसका ध्यान रख तेज आवाज डीजे पर कार्रवाई की जाए। होली के दो दिन पूर्व चौक चौराहों में जांच, शराब पीकर वाहन चलाने वालों, तीन सवारी पर कार्रवाई हो। आपातकालीन सुविधा जैसे चिकित्सा सेवा, एम्बुलेंस, फायरब्रिगेड, मछुआरों एवं गोताखोरों की टीम एक्टिव रहें। शहर के अंदर के साथ ही बाहरी स्थानों पर भी निगरानी हो। होली त्योहार पर अवैध वसूली की भी शिकायत देखने को मिलती है, जिस पर कार्यवाही की जरूरत है। थाना स्तर के कंट्रोल रूम का नम्बर जारी किया जाए, मिठाई की मिलावट, रासायनिक रंगों आदि की जांच हो।

CMYK

# पुलिस निरीक्षक सचिन सिंह जुगाड़ लगाकर पहुंच गए रायपुर

## तीन साल तक एक ही पुलिस थाने में उप निरीक्षक रहते हुए थाना प्रभारी बने रहने वाले वर्तमान पुलिस निरीक्षक सचिन सिंह 1 साल भी बीजापुर नहीं रह सके...भाजपा में भी लगाया जुगाड़...पहुंच गए रायपुर

### क्या तत्कालीन सरकार में तत्कालीन मुख्यमंत्री के बेटे थे निरीक्षक के दोस्त,अब क्या वर्तमान सरकार में गृह मंत्री का कोई रिश्तेदार है इनका दोस्त?

### जहां नक्सली प्रभावित क्षेत्र में कई निरीक्षक व उप निरीक्षक 7-8 साल से दे रहे सेवा वही सचिन सिंह 1 साल भी नहीं दे पाए सेवा

### पुलिस निरीक्षक सचिन सिंह का बीजापुर से रायपुर स्थानांतरण होना यह साबित करता है कि विभाग में इनकी पकड़ ऊंची है...

### अविभाजित कोरिया जिले के मनेन्द्रगढ़ थाने में 3 साल का कार्यकाल पूरा कर रचा था कीर्तिमान और अपनी दोषपूर्ण कार्यशैली की वजह से थे सुर्खियों में?

















-रवि सिंह-
रायपुर/कोरिया,18 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

प्रदेश के पुलिस विभाग में भी प्रायः यह देखने को मिल रहा है की सरकार किसी की हो अच्छी पुलिसिंग की बात सभी सरकारें करती हैं अनुशासन की बात करती हैं विभाग के कर्मचारियों में समानता की बात करती हैं लेकिन जब बात किसी विशेष पुलिसकर्मी की आ जाती है सब कुछ सरकारें भुला देती हैं और फिर केवल खास पुलिसकर्मी के लिए विभाग के समानता का नियम समाप्त कर दिया जाता है और उसे ताक पर रख दिया जाता है और किसी तरह उक्त खास पुलिसकर्मी को उपकृत करने मनचाही पदस्थापना प्रदान करने का काम किया जाता है और अनुशासन सहित अच्छी पुलिसिंग की बात सरकारें भुला देती हैं। ऐसा ही कुछ फिर से देखने को मिलने लगा है जो पहले पूर्व की कांग्रेस शासनकाल में देखने को मिलता था अब भाजपा शासनकाल में वही होता दिख रहा है कुछ गिनती के पुलिसकर्मी जो पूर्व की कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में भी पूरे पांच साल अपनी मनमर्जी से पदस्थ रहते चले आए जिनकी दोषपूर्ण कार्यप्रणाली भी सुर्खियां बटोरती रहीं और बाद में उन्हे जब नियमानुसार पदोन्नति उपरांत नक्सल क्षेत्र में जाना भी पड़ा तो वह ज्यादा समय के लिए नक्सल क्षेत्र में नहीं रह सके और नई भाजपा सरकार में भी वह जुगाड लगाकर फिर से मनचाही जगह लौट आए और नक्सल क्षेत्र का अपना कार्यकाल भी नहीं निभा पाए।





बात एक निरीक्षक को लेकर की जा रही है जो उप निरीक्षक रहते हुए कोरिया जिले में पहले पदस्थ हुए वहीं कोरिया जिले में ही उन्हे मनेंद्रगढ़ पुलिस थाने का प्रभारी थानेदार कांग्रेस शासनकाल में कांग्रेस नेताओं की कृपा से बना दिया गया वहीं जब कोरिया जिला दो भागों में विभाजित हुआ तब उन्हे नवीन जिले में शामिल हुए मनेंद्रगढ़ पुलिस थाने जो एमसिबी जिले का जिला मुख्यालय भी है से नहीं हटाया गया वह लगातार वहीं पदस्थ बने रहे जब उनकी पदोन्नति हुई तब भी वह वहीं थानेदार बने रहे और जब उनका पूरा तीन साल का कार्यकाल थानेदार बतौर पूरा हो गया वह नक्सल क्षेत्र भेजे गए जो पदोन्नति उपरांत आवश्यक या नियमानुसार था और जहां उन्हे तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा करना था जो उन्होंने पूरा नहीं किया जुगाड भाजपा शासन काल में भी लगाया और फिर वह राजधानी लौट गए और जो उनकी ऊंची पकड़ से सम्भव हो सका। पुलिस निरीक्षक कोरिया एमसीबी में रहते हुए खासकर मनेंद्रगढ़ पुलिस थाने के प्रभारी रहकर काफी सुर्खियां बटोर चुके थे और जहां जहां इनकी पदस्थापना रही इनकी कार्यप्रणाली दोषपूर्ण ही रही वहीं कानून व्यवस्था की स्थिति भी अच्छी नहीं रही। उप निरीक्षक रहते हुए थानेदार बनकर तीन साल एक ही पुलिस थाने में कांग्रेस शासनकाल में कार्य कर चुके वर्तमान में नक्सल क्षेत्र से रायपुर जुगाड से समय पूर्व लौटे निरीक्षक का नाम सचिन सिंह है जो अब भाजपा शासनकाल में भी अपनी पकड़ के बल पर अन्य पुलिसकर्मियों से खुद को अलग साबित कर चुके हैं और जिन्होंने नक्सल क्षेत्र में कार्य करने के मामले में भी रिकॉर्ड बना लिया है और एक ही वर्ष में वह नक्सल क्षेत्र से वापस लौटने में सफल हुए हैं।

### क्या काभी शातिर है निरीक्षक?

वैसे पुलिस विभाग में कई पुलिसकर्मी हैं जो कई कई वर्षों तक नक्सल क्षेत्र में ही पदस्थ रहते चले आ रहे हैं और ऐसा केवल इसलिए हो पा रहा है की क्योंकि उनके पास किसी सरकार में कोई जुगाड नहीं जबकि सरकारें भाजपा की हों या कांग्रेस की बिना जुगाड वाले पुलिसकर्मियों का यही हाल रहता है। सचिन सिंह निरीक्षक को लेकर यह जाना जाता है की कांग्रेस शासनकाल में उनका कांग्रेस नेताओं से अच्छा संपर्क था यहां तक की तत्कालीन मुख्यमंत्री के पुत्र से उनके संबंध थे जिसके कारण उनका तत्कालीन सरकार में जुगाड था और वह मनचाही जगह पदस्थ रहते चले आए वहीं तब तत्कालीन सरकार के विधायकों को भी यह अपने पक्ष में रख पाने में सफल हो पाते थे और उन्हे जैसा चाहते वैसा उनसे वह अपनी मंशा भी पूरी करा पाते थे। अब वही उनकी सफलता फिर देखी जा रही है और वह भाजपा शासन काल में भी अपनी पहुंच पकड़ साबित करने में सफल हो पा रहे हैं और एक ही वर्ष में नक्सल क्षेत्र से वापसी कर पाने में सफल हो चुके हैं और जिस मामले में पूरे नियम कायदे उनके लिए बदले हुए नजर आ रहे हैं।

### महज आठ महीने में ही नक्सल क्षेत्र से सचिन सिंह ने की है वापसी,4 महीने छुट्टी में बिताए

गैर नक्सल क्षेत्र में नियमित कार्य पर उपस्थित होने वाले बहादुर निरीक्षक सचिन सिंह की बहादुरी नक्सल क्षेत्र में कहां चली जाती है की उन्हे एक वर्ष के कार्यकाल में ही नक्सल क्षेत्र के चार महीने छुट्टी की जरूरत पड़ जाती है। आठ महीने ही वह कार्य पर उपस्थित होते हैं और फिर वह जुगाड से राजधानी वापस आ जाते हैं। वैसे खुद को बहादुर बताने वाले उक्त निरीक्षक की बहादुरी यहीं नजर आ जाति है और समझा जा सकता है की नक्सल क्षेत्र में वह कितने भयभीत थे खुद की उन्होंने एक वर्ष होते होते ही जुगाड लगाया और छोड़ भागे नक्सल क्षेत्र।

### एमसीबी जिला मुख्यालय के पुलिस थाने में तीन साल तक बने रहे थाना प्रभारी,तत्कालीन मुख्यमंत्री के पुत्र से परिचय बताकर करते रहे मनमानी

सचिन सिंह उप निरीक्षक रहते हुए मनेंद्रगढ़ पुलिस थाने के थाना प्रभारी बने और तब कोरिया जिले में ही मनेंद्रगढ़ पुलिस थाना शामिल था,शासन कांग्रेस का था और तब तत्कालीन मुख्यमंत्री के पुत्र से सचिन सिंह अपना खास परिचय बताकर मनमानी किया करते थे। कोरिया जिले से जब एमसीबी जिला अलग हुआ तब लगा की वह थाना प्रभारी मनेंद्रगढ़ के प्रभार से हटेंगे लेकिन उन्हे नहीं हटाया गया वही उप निरीक्षक रहते हुए प्रभारी बने रहे और जिले के कई निरीक्षक तब थाने के लिए तरसते रहे। नवीन जिला गठन के बाद ही इनकी पदोन्नति हुई और यह निरीक्षक बने और फिर कुछ दिन मनेंद्रगढ़ में ही रहे और फिर उन्हे नियमानुसार नक्सल क्षेत्र जाना पड़ा। वैसे सचिन सिंह मुख्यमंत्री पुत्र से परिचय बताकर पूरे तीन साल एक थाने के प्रभारी बने रहे और फिर उन्होंने जमकर मनमानी भी की और उनके कार्यकाल में मनेंद्रगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र में जमकर अवैध कारोबार फले फूले।एक ही पुलिस थाने में तीन साल प्रभारी रहकर सचिन सिंह ने एक रिकॉर्ड भी कायम किया और जो उनके नाम दर्ज हुआ।

### वर्तमान भाजपा सरकार में किस नेता से है परिचय

निरीक्षक सचिन सिंह जब कांग्रेस शासनकाल था तब तत्कालीन मुख्यमंत्री के पुत्र को अपना खास परिचित बताकर पुलिस विभाग और अधिकारियों पर अपनी धमक जमाते थे वहीं तब वह अपनी मनमानी करते थे लेकिन अब जब सत्ता परिवर्तन हो गया तब भाजपा में कौन नेता इनका खास परिचित निकल गया जिसने तत्काल ही इन्हे नक्सल क्षेत्र से मुक्ति दिला दी यह बड़ा सवाल है। नक्सल क्षेत्र बीजापुर कम से कम तीन वर्ष तक सचिन सिंह को रहना था लेकिन एक वर्ष में ही उन्हे वापसी मिल गई जो बड़ी उपलब्धि है। वैसे भाजपा के किसी बड़े नेता को निरीक्षक सचिन सिंह ने अपने प्रभाव में लिया है ऐसा माना जा रहा है क्योंकि जहां अन्य इनके ही साथ नक्सल क्षेत्र गए पुलिसकर्मी अभी भी वहीं कार्यरत हैं कुछ कई वर्षों से कार्यरत हैं वहीं इनकी वापसी हो गई जो इस ओर संकेत करती है की पुलिस विभाग में कुछ भी संभव है केवल सत्ता धारी दल के नेता से संपर्क होना चाहिए।

---

# क्या राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुनील जिपं सीईओ सूरजपुर के चहेते है...जिस वजह से नहीं हुए भारमुक्त ?

### एसआरएलएम विकास आयुक्त कार्यालय रायपुर द्वारा चार अधिकारियों का किया था स्थानांतरण तीन को जिपं सीईओ ने किया भारमुक्त पर एक अभी भी विराजमान?

-ओंकार पाण्डेय-
सूरजपुर,18 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत सूरजपुर जिले में अनियमित फैलाने वाले चार अधिकारियों का तबादला फरवरी माह में किया गया था और उन्हें तत्काल भारमुक्त करना था जिसमें तीन को जिला पंचायत सीईओ द्वारा भारमुक्त कर दिया गया पर वही एक जिला कार्यक्रम अधिकारी सुनील शर्मा को अभी तक भारमुक्त नहीं किया गया, अब ऐसे में सवाल यह उठता है की क्या सुनील शर्मा जिला पंचायत सीईओ के चहेते हैं या फिर जिला पंचायत सीईओ उन्हें भारमुक्त ना करके उन्हें जिले में रखना चाहती हैं? वहीं सूत्रों का कहना है की जिला पंचायत सीईओ का कहना है कि कर्मचारियों की कमी है तो क्या कर्मचारियों की कमी है तो वह शासन के आदेश का पालन नहीं करेंगी? क्या जिला पंचायत सीईओ शासन के आदेश का पालन नहीं करना चाहती या फिर उसे आदेश का अवेहलना करना ही उनका उद्देश्य है?

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत कार्यालय जिला पंचायत सूरजपुर मे पदस्थ अधिकारी/कर्मचारियों का शिकायत का जॉच कुछ दिन पूर्व राज्य कार्यालय से उच्च




अधिकारियों के द्वारा किया गया था। जिसमे जॉच टीम द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत कार्यरत् जिला एवं जनपदों में कार्यरत् समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों का बयान लिया गया था। जॉच पश्चात् बाद दिनांक 20 फरवरी 2024 को 4 अधिकारियों का स्थानान्तरण राज्य कार्यालय से अन्य जिले मे किया गया, जिसमें सत्य प्रसाद मिश्रा जिला कार्यक्रम प्रबंधक - वित्तीय समावेशन को सूरजपुर जिला से बलरामपुर किया है, विनीत कुमार दुबे जिला कार्यक्रम प्रबंधक को सूरजपुर से गौरेल्ला-पेण्ड्रा-मरवाही किया गया है, ज्ञानेन्द्र सिंह जिला मिशन प्रबंधक को बलरामपुर किया गया, सुनील शर्मा जिला कार्यक्रम प्रबंधक एस .एम .आई .बी को जिला दुर्गा किया गया था लेकिन इनमे से 03 अधिकारियों को जिला सूरजपुर से स्थानान्तरित स्थान के लिए भारमुक्त तो कर दिया गया है। दिनांक 7 मार्च 2024 को विनीत कुमार दुबे का भार मुक्त किया गया , दिनांक 6 मार्च 2024 को ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह का भार मुक्त किया गया, दिनांक 6 मार्च को सत्य प्रकाश मिश्रा का भार मुक्त किया गया लेकिन चौथे स्थानांतरित अधिकारी सुनील शर्मा डीपीएम को आज तक स्थानांतरित जिला - दुर्ग हेतु भारमुक्त नही किया जा रहा है सुनील शर्मा डीपीएम जिला पंचायत सूरजपुर को भारमुक्त नही करने मे जिला के कुछ अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है जबकि राज्य कार्यालय के जॉच मे सुनील शर्मा डीपीएम मुख्य रूप से जिला सूरजपुर मे भ्रष्टाचार फैलाने के दोषी पाये गये थे। लेकिन अधिकारियों से सांठ-गांठ कर आज दिनांक तक जिला पंचायत सूरजपुर मे जमे हुए हैं एवं स्थानान्तरित जिला हेतु भारमुक्त न होकर जिला-सूरजपुर मे भ्रष्टाचार को बढावा दे रहे हैं।

---

इस संबंध में उनसे पूछा गया तो उन्होंने कहा की हमारे पास पर्याप्त स्टाफ नहीं होने के कारण भारमुक्त नहीं किया गया है।

**कमलेश नंदनी साहू जिला पंचायत सीईओ सूरजपुर-**



# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटना में 22 मोतियाबिंद मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन किया गया

-संवाददाता-
कोरिया,18 मार्च 2024
(घटती-घटना)।

राज्य शासन के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कोरिया डॉक्टर आर एस सेंगर सह जिला अंधत्व निवारण नोडल अधिकारी के आदेशों पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटना में पदस्थ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर बलवंत सिंह खंडचिकित्सा अधिकारी के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटना जिला कोरिया छत्तीसगढ़ में विश्व ग्लूकोमा सप्ताह 12 मार्च से 18 मार्च 2024 तक मनाया गया इस दौरान लगभग 230 मरीज का नेत्र परीक्षण किया गया तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पटना में 22 मोतियाबिंद मरीजों का निशुल्क ऑपरेशन किया गया एवं जरूरतमंदों को निशुल्क चश्मा वितरण किया गया इस कार्यक्रम विरेंद्र कुमार साहू नेत्र सहायक अधिकारी अनिता यादव स्टाफ नर्स देवकुमारी साहू रामहरि अधिकारी बीपीएम तबिता भगत एवम सभी हॉस्पिटल स्टाफ के सहयोग से संपन्न हुआ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर बलवंत सिंह द्वारा बताया गया कि 40 वर्ष से अधिक आयु वाले व्यक्तियों को नियमित नेत्र परीक्षण कराना चाहिए ग्लूकोमा को काला मोतिया भी कहा जाता है यह एक गंभीर बीमारी है इसमें आंख में दर्द,आंख की रोशनी कम होना, बार-बार चश्मा का नंबर बदलना, दृष्टि का दायरा सिकुड़ना ,आंख का प्रेशर बढ़ना आंख में चोट लगने से या 40 वर्ष से अधिक आयु को ग्लूकोमा की संभावना अधिक होती है आंख का प्रेशर बढ़ने से आंख की नस सूख जाती है जिसका उपचार संभव नहीं है सही समय पर आंख की जांच करा कर परेशानी से बचा जा सकता है।

# एसईसीएल के गेवरा खदान में डोजर में लगी आग

## बाल-बाल बचा ऑपरेटर



-संवाददाता-
कोरबा,18 मार्च 2024
(घटती-घटना)।
एसईसीएल के गेवरा खदान में रविवार को खदान के अंदर एक डोजर वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे डोजर में आग लग गई। डोजर चालक किसी तरह गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई।हादसे की सूचना मिलते ही खदान में कर्मचारियों की भीड़ इकट्ठा हो गई और इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दिया गया। यह हादसा गेवरा खदान की बी स्टॉक में हुआ जहां डोजर के पलटने के बाद उसमें अचानक आग लग गई। वहीं आग इतनी बढ़ गई की वाहन धू-धू कर जलने लगा। सूचना देने के बाद आग पर काबू पाया गया। बताया जा रहा है कि हादसे में ऑपरेटर बाल-बाल बचद्व। इस हादसे ने खदान में लगातार हो रहे हादसों में सुरक्षा उपायों की पोल खोल कर रख दी है। खदान में हुई यह पहली घटना नहीं है, इससे पहले भी डोजर, डंपर और ट्रक में आग लगने की घटना सामने आ चुकी है,उसके बावजूद भी संबंधित विभाग का ध्यान इस ओर आकर्षित नहीं हो रहा है।

# एसईसीएल कुसमुण्डा से डीजल चोरी करने वाले फरार आरोपी गिरफ्तार

-संवाददाता-
कोरबा,18 मार्च 2024
(घटती-घटना)।
पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी द्वारा क्षेत्र में अवैध डीजल एवं कबाड़ के विरुद्ध सख्त कार्यवाही के संबंध में दिये गये निर्देशों के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यू.बी.एस चौहान व नगर पुलिस अधीक्षक रविन्द्र सिंह मीणा के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी कुसमुण्डा द्वारा अपने मातहत कर्मचारियों के साथ अवैध डीजल चोरी के फरार आरोपियों की सघन पतासाजी कर दो अलग अलग मामलों के फरार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों के विरुद्ध पूर्व में भी कई अपराध पंजीबद्ध हैं। विदित हो कि थाना कुसमुण्डा में डीजल चोरो पर कार्यवाही करते हुए एक टेंकर में लगभग 1500 लीटर तथा एक बोलेरो में 300 लीटर डीजल जप्त कर 02- 02 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत किया था। उक्त प्रकरण के दोनो फरार आरोपी घटना घटित कर फरार थे जिनकी पता साजी कर आरोपियों को घेराबदी कर पकड़कर गिरफ्तार किया गया, जिसे माननीय न्यायालय



प्रस्तुत किया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम 1. सुमित यादव पिता फिरत राम यादव उम्र 24 वर्ष सा. चुरैल थाना कुसमुण्डा जिला कोरबा 2. बाबुल जायसवाल उर्फ बांड्या पिता राम कुमार जायसवाल उम्र 19 वर्ष सा. पुरानी बस्ती कोरबा थाना कोतवाली जिला कोरबा (छ.ग.) को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक रुपक शर्मा, स.उ.नि.रफिक खान, स.उ.नि. रविन्द्रनाथ यादव, आर. 604 त्रिलोचन सागर, आरक्षक 608 विष्णु पाटले व आरक्षक 765 सुनिल जोशी की मुख्य भूमिका रही।

# उल्लास नव भारत साक्षरता महापरीक्षा में मतदाता जागरूकता का दिलाया गया शपथ



-संवाददाता-
सूरजपुर,18 मार्च 2024
(घटती-घटना)।
कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास तथा जिला नोडल स्वीप एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सूरजपुर के निर्देशन तथा सहायक नोडल स्वीप एवं जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर के मार्गदर्शन में उल्लास नव भारत साक्षरता के तहत विकासखंड सूरजपुर के चिन्हित परीक्षा केंद्रों में नव साक्षरों हेतु आयोजित महापरीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्र प्राथमिक विद्यालय उपरपारा डुमरिया में उपस्थित नव साक्षरों को मतदान के महत्व की जानकारी दी गई तथा मतदाता शपथ दिलाया गया, इस अवसर पर ब्लॉक परियोजना अधिकारी जयराम प्रसाद, सुदर्शन राजवाड़े, जनशिक्षक प्रेमचंद लाल, परीक्षा केंद्राध्यक्ष अब्दुल मुक्तदीर, पर्यवेक्षक, सुदर्शन दास और बड़ी संख्या में नव साक्षर परीक्षार्थी उपस्थित थे।

# संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत आचार संहिता लगते ही जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यवाही जारी



-संवाददाता-
सूरजपुर,18 मार्च 2024
(घटती-घटना)।
लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू होते ही जिला मुख्यालय में संपत्ति विरूपण के तहत कार्रवाई शुरू कर दिया गया है। कलेक्टर के निर्देश पर संपत्ति विरूपण के तहत जनपद सूरजपुर के विभिन्न ग्राम पंचायतों, जनपद ओडगी, नगर पंचायत जरही में बनाई गई टीम के द्वारा विभिन्न क्षेत्र से संपत्ति विरूपण के तहत विभिन्न राजनीतिक दलों के झंडा बैनर पोस्टर हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। आदर्श आचार संहिता लगने के साथ ही 24 घंटे में शासकीय संपत्ति से, 48 घंटे में सार्वजनिक स्थलों से एवं 72 घंटे में निजी क्षेत्र से झंडा, बैनर, फ्लेक्स एवं वॉल पेंटिंग हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित कर ली जाएगी। संपत्ति विरूपण के संबंध में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश जारी कर दिया गया है।

# नवाटोला चांदनी बिहारपुर चेक पोस्ट में एसएसटी व एफएसटी की टीम सक्रिय

## लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर सघन जांच शुरू



-संवाददाता-
सूरजपुर,18 मार्च 2024
(घटती-घटना)।
आदर्श आचार संहिता लगते ही एसएसटी व एफएसटी की टीम हुई सक्रिय। अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट नवाटोला चांदनी बिहारपुर में निर्वाचन आयोग की दिशा निर्देश व तय मानकों का पालन करते हुए एसएसटी प्रभारी अधिकारी व टीम के द्वारा गहन जांच की शुरुआत हो गई है। इस जांच की प्रक्रिया में चांदनी बिहारपुर के थाना प्रभारी व उनकी टीम भी सक्रिय भूमिका अदा कर रही हैं। लोकसभा निर्वाचन को पारदर्शिता और शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए जिले की एसएसटी व एफएसटी टीम अपनी ड्यूटी आदेश के तहत रोटेशन कर रहे हैं।








# छात्र-छात्राओं ने किया मैनपाट का अध्ययन भ्रमण




-संवाददाता-
सूरजपुर,18 मार्च 2024
(घटती-घटना)।
शासकीय रेवती रमण मिश्रा स्नातकोत्तर महाविद्यालय सूरजपुर के वनस्पति शास्त्र विभाग के एमएससी द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के कुल 45 विद्यार्थियों ने मैनपाट के विभिन्न स्थलों का अध्ययन भ्रमण किया। अध्ययन भ्रमण दिनांक 17 मार्च 2024 को संपन्न किया गया। अध्ययन भ्रमण महाविद्यालय के प्राचार्य महोदयडॉ एच.एन. दुबे के निर्देशन में पूर्ण किया गया। विद्यार्थियों के साथ वनस्पति शास्त्र के विभाग अध्यक्ष टी.आर. राहंगडाले एवं अतिथि विद्वान डॉ. सुप्रिया तिवारी, डॉ. सलीम किस्पोट्टा तथा श्री अमन सिंह एवं श्रीमती प्रांजना साहू ने सहयोग प्रदान किया। विद्यार्थियों को मैनपाट के टाइगर पॉइंट की जैव विविधता एवं पर्यावरण परिवर्तन का अध्ययन कराया गया, इसके पश्चात विद्यार्थियों ने दलदलीय क्षेत्र में बने दलदल का एवं उसके चारों ओर के डाइवर्सिटी का अध्ययन किया। विद्यार्थियों ने पर्यावरण को प्रत्यक्ष जाना एवं प्रयोगशाला के लिए आवश्यक पौधों का संग्रहण किया।

# क्या पूर्व विधायक कांग्रेस विनय जायसवाल ने मांगी माफी तब पार्टी में हुई वापसी ?





-विशेष संवाददाता-
एमसीबी/रायपुर,18 मार्च 2024
(घटती-घटना)।
छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले बड़े नेताओं पर गंभीर आरोप लगाकर मनेन्द्रगढ़ के कांग्रेस विधायक डॉ विनय जायसवाल ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। श्री जायसवाल ने बकायदा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बड़े नेताओं पर टिकिट के लिए मोटी रिश्वत मांगने का आरोप लगाया था। विनय जायसवाल ने कांग्रेस के प्रभारी सचिव चन्दन यादव को भी नहीं बख्शा था। चन्दन का नाम लेकर उन पर पैसा मांगने का आरोप लगाया। 2018 में सरकार बनाने के लिए चन्दन यादव ने बड़ी मेहनत की थी। इसलिए पार्टी ने इसे गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए विधानसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद विनय को कांग्रेस से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया था। राजनीतिक सूत्रों का कहना है कि इस्तीफे के बाद विनय ने बीजेपी में शामिल होने के लिए अपने स्तर पर भरपूर कोशिशे की,किन्तु वहाँ बात जमी नहीं। लिहाजा, कांग्रेस में वापसी के लिए प्रयास शुरू किया। कांग्रेस भी लोकसभा चुनाव को देखते ज्यादा अड़ी नहीं। मगर लिखित माफ़ी मांगनी पड़ी विनय को...तब जाकर उनका निष्कासन समाप्त हुआ। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज को पत्र लिख विनय ने माना है कि आवेश में मुझसे चूक हो गई और मैंने अपने ही नेताओं पर झूठे आरोप लगा डाले। अध्यक्ष जी, मुझे क्षमा कीजिए। इस गिड़गिड़ाने वाले पत्र के बाद विनय का दो दिन पहले निष्कासन समाप्त किया गया।


**न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ0ग0)**

**(सार्वजनिक उद्घोषणा)**

क्रं0/क्यू/वाचक/2/2024दिनांक 12.3.024

सर्व साधारण ग्राम जोबगा तहसील सूरजपुर जिला-सूरजपुर छ0ग0 को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक मनमोहन सिंह पिता भदर सिंह जाति गोड़ निवासी ग्राम जोबगा तहसील व जिला सूरजपुर छ0ग0 के द्वारा अपने भाई महेन्द्र सिंह पिता भदर सिंह का मृत्यु दिनांक 03/09/2021 होने से मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु स्थानीय रजिस्ट्रार (मृत्यु) रजिस्ट्रीकरण (मध्यप्रदेश) नियम 1973 के नियम 10(3) के अंतर्गत निदेष देने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गय गया है। जिस पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

इस संबंध में जिस किसी व्यति या संस्था को कोई आछेप( आपत्ति हो तो दिनांक 19/03/2024 को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिकृत अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आछेप/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। तदानुसार प्रकरण में कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक / /2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पद मुद्रा से जारी।

सील तहसीलदार, सूरजपुर

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

रा.प्र.क्र. /ब-121/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विदयादेवी पत्नि रामआसरे निवासी नावापारा तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम फुन्दुरडिहारी स्थित खसरा नंबर 312/11 रकबा 0.400 हे0 मेसे 02 डिसमिल भूमि अनावेदक क्रमांक-1 सुनिल गुप्ता आ0 रामआसरे एवं खसरा नंबर 312/11 रकबा 0.400 हे0 मे से 04 डिसमिल भूमि को अनावेदक क्रमांक-02 सुधीर गुप्ता आ0 रामआसरे गुप्ता निवासी नावापारा तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के पास बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो जांच एवं प्रतिवेदनाथ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 22/04/2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक - 12/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील तहसीलदार, अम्बिकापुर,सरगुजा

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

रा.प्र.क्र. /ब-121/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आविनाश मण्डल आ0 स्व0 रंजीत मण्डल व अन्य निवासी भगवानपुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम सुभाषनगर स्थित खसरा नंबर 234/14 रकबा 0.0350 हे0 मे से रकबा 10 डिसमिल भूमि को अनावेदक कांति पाण्डेय पत्नि अरविन्द कुमार पाण्डेय तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के पास अंकन राशि रूपये 7,00,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो जांच एवं प्रतिवेदनाथ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 22/04/2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक - 12/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील तहसीलदार, अम्बिकापुर,सरगुजा

**न्यायालय,अनुविभागीय अधिकारी(रा.) अम्बिकापुर,जिला सरगुजा (छ0ग0)**

रा.प्र.क्र. /अ-2/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मान सिंह पिता रामपति सिंह जाति गोंड़ निवासी प्रतापपुर तहसील प्रतापपुर जिला सूरजपुर (छ0ग0)के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम हर्राटिकरा तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) खसरा नंबर 1/87 रकबा 0.032 हे0 भूमि को कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि की बी-1, खसरा,पंचायत प्रस्ताव रजिस्ट्री की प्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 04/04/2024 को मेरे न्यायालय में अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलयीन पदमुद्रा से जारी।

सील अनुविभागीय (रा.) अम्बिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

रा.प्र.क्र. /ब-121/2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पूर्णिमा चक्रवती पत्नि दीपन कुमार चक्रवती निवासी जेल रोड रामानुजवार्ड अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 मुख्तारआम अमरनाथ राय आ0 सुरेन्द्र राय निवासी तिवारी बिल्डिंग रोड केदारपुर अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम फुन्दुरडिहारी स्थित खसरा नंबर 443/182 रकबा 0.028 हे0 भूमि को अनावेदक आकाश कुमार कुशवाहा आ0 रमेश कुशवाहा निवासी त्रिकोण चौक अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के पास अंकन राशि रूपये 15,00,000/- में बिक्री करने का सौदा तय कर बिक्री अनुमति हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सरगुजा के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो जांच एवं प्रतिवेदनाथ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 22/04/2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि अथवा अभिषाक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक - 12/03/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

सील तहसीलदार, अम्बिकापुर,सरगुजा

# स्विस ओपन बैडमिंटन में लक्ष्य सेन और पीवी सिंधु करेंगे भारतीय चुनौती की अगुवाई





**नई दिल्ली, 18 मार्च 2024।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन मंगलवार से शुरू होने वाले स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट में अपनी शानदार लय जारी रखना चाहेंगे तो वहीं अनुभवी पीवी सिंधु की कोशिश एक बार फिर से अपने खेल के शिखर पर पहुंचने की होगी। लक्ष्य ने इस साल की शुरुआत में मलेशिया सुपर 1000 और इंडिया ओपन 750 में पहले दौर में हार के बाद शानदार वापसी की है।

इस 22 साल के खिलाड़ी ने फ्रेंच ओपन और ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था। सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी 210,000 डॉलर (लगभग 1.74 करोड़ रुपये) पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत मलेशियाई लियोंग जून हाओ के खिलाफ करेंगे। वह शुरुआती दौर की बाधा पार करने पर 2021 विश्व चैंपियन ली जी जिया से भिड़ सकते हैं। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत पहले दौर में एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता चीनी ताइपे के वांग त्जु-वेई का मुकाबला करेंगे, जबकि युवा प्रियांशु राजावत हांगकांग के चौथी वरीयता प्राप्त ली चेउक यियू की चुनौती से निपटेंगे।

सिंधू ने बायें घुटने की चोट से उबरकर इस महीने की शुरुआत में फ्रेंच ओपन से वापसी की थी, जहां उनका सफर क्वार्टर तक चला था। वह हालांकि इसके बाद ऑल इंग्लैंड चैम्पियनशिप के दूसरे दौर से बाहर हो गयी थी। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू का सामना ऑल इंग्लैंड चैम्पियनशिप की तरह यहां भी पहले दौर में जर्मनी की वोन्ने लि से होगा। पिछले सप्ताह जर्मनी की इस खिलाड़ी ने चोट लगने के कारण मैच को बीच में छोड़ दिया था। महिला एकल में अन्य भारतीय आकर्षी कश्यप को कड़ा ड्रा मिला है। वह अपने अभियान की शुरुआत कनाडा की मिशेल ली के खिलाफ करेंगी। अच्छी लय में चल रही तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी मेइलिसा ट्रायस पुस्पिटासारी और राचेल एलेस्या रोज की इंडोनेशिया की जोड़ी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करेंगी। आठवीं वरीयता प्राप्त त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद का सामना पहले दौर में अमेरिका की एनी जू और केरी जू की जोड़ी से होगा।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### दीक्षा ने एप्सों टूर में संयुक्त रूप से 15वां स्थान हासिल किया

**लॉन्गवुड (फ्लोरिडा), 18 मार्च 2024।** दीक्षा डागर ने एप्सन टूर इवेंट में आईओए गोल्फ क्लासिक में लीडरबोर्ड पर चढ़ने के लिए 4-अंडर 67 का स्कोर किया। उसने टी-58 पर कट हासिल किया, लेकिन फिर टी-15 तक पहुंच गई। दीक्षा, एलईटी पर दो टॉप-10 के साथ,



अच्छा खेल रही है और अगले अटलांटिक बीच क्लासिक के लिए एप्सन टूर पर रहेगी। सप्ताह। दो बार की लेडीज यूरोपियन टूर विजेता और भारत में हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर की कई विजेता दीक्षा ने पार-71 कोर्स पर 4-अंडर 67 का अंतिम राउंड लगाया, उन्होंने एक डबल बोगी और एक लेट बोगी के मुकाबले आठ बर्डी लगाईं। अलाक्का कंट्री क्लब में। दीक्षा ने पहले, छठे और आठवें होल में बर्डी लगाई और फिर पार-5 नौवें होल पर डबल बोगी की। पार-4 17वें पर एक बोगी गिराने से पहले उसने फिर से 10वें, 11वें, 13वें और 16वें स्थान पर बर्डी लगाई। जेसिका पेंग ने एक बोगी के मुकाबले पांच बर्डी के साथ शानदार 67 रन बनाकर रातोरात और दूसरे दौर के नेता लिंडसे मैक्कर्डी को हराया। जैसे ही पेंग ने 67 का स्कोर किया, लिंडसे ने 72 का स्कोर किया और एक शॉट से हार गईं। जेसिका 11-अंडर और मैक्कर्डी 10-अंडर थीं। कोरिया के कुम-कांग पार्क (68-68-68) तीसरे और डेवी वेबर (66-66-73) चौथे स्थान पर रहे।

### एमआई ने हार्दिक पंड्या को कप्तानी क्लॉज पर सवाल से बचाया

**मुंबई, 18 मार्च 2024।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या और कोच मार्क बाउचर ने टीम में शीर्ष पद संभालने के बाद सोमवार को अपनी पहली प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया, लेकिन फ्रेंचाइजी रोहित शर्मा और नेतृत्व में बदलाव पर सवालों से इन दोनों को बचाती रही।मुंबई में उनके टीम होटल में आयोजित प्रेसवार्ता में फ्री प्रेस जर्नल भी मौजूद था।प्रश्न और उत्तर दौर के दौरान, हमारे पत्रकार ने फ्रेंचाइजी में लौटने से पहले पंड्या से पूछा कि क्या उनके अनुबंध में कप्तानी का कोई प्रावधान था÷।लेकिन एमआई की पीआर टीम ने पत्रकार को यह कहकर पूरा सवाल पूछने से रोक दिया कि पंड्या ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की शुरुआत में ही अपनी कप्तानी के बारे में बात कर दी थी। पंड्या ने एमआई में बदलाव और आईपीएल 2024 से पहले रोहित शर्मा को टीम का कप्तान बनाए जाने के बाद मिली प्रतिक्रिया पर सवाल उठाए।लेकिन फ्रैंचाइज़ी की पीआर टीम पूछे जाने वाले सवालों को लेकर बहुत सख्त थी और प्रेस कॉन्फ्रेंस के दूसरे भाग में कई अन्य पत्रकारों को पंड्या की कप्तानी और उससे जुड़े विवाद के बारे में कुछ भी पूछने से रोक दिया।गुजरात टाइटंस में 2 सीज़न बिताने के बाद पंड्या एमआई में लौट आए।

### टक्कर के बाद बांग्लादेश जेकर अली को अस्पताल ले जाया गया

**चट्टोग्राम, 18 मार्च 2024।** बांग्लादेश के अनकैप्ड विकेटकीपर बल्लेबाज जकर अली को जहूर अहमद चौधरी स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान क्षेत्ररक्षण के दौरान घायल होने के बाद अस्पताल ले जाया गया है।



तस्कीन अहमद की गेंद पर प्रमोद मदुशान का कैच पकड़ने की कोशिश में अनामुल हक और जेकर अली टकरा गए जिसके बाद जेकर को स्ट्रेचर के जरिए मैदान से बाहर ले जाया गया। जेकर अली स्थानापन्न क्षेत्ररक्षक के रूप में मैदान पर आए, सौम्या सरकार, जिनकी गर्दन में चोट लग गई थी, गेंद रोकते समय विज्ञापन बोर्ड से टकराने के बाद, जबकि मुस्तफिजुर रहमान को भी ऐंठन के कारण स्ट्रेचर पर खेल छोड़ना पड़ा। तन्ज़ीद हसन को मस्तिष्काघात के मामलों में सरकार की जगह लेने के लिए चुना गया था। अंपायर तनवीर अहमद ने तीसरे वनडे के लिए रिचर्ड केटलबोरो की जगह ली क्योंकि वह गर्मी के कारण मैदान पर उतरने में असमर्थ थे।

## माल्या, जय शाह, कोहली, चहल, सहवाग ने पहले डब्ल्यूपीएल खिताब पर आरसीबी महिला टीम को सराहा

**नई दिल्ली, 18 मार्च 2024।** आरसीबी की लड़कियों ने तो साल 2024 को अपने नाम कर लिया है, अब बारी है आरसीबी मेंस टीम की। डब्ल्यूपीएल फाइनल में रविवार को आरसीबी ने दिल्ली को हराकर खिताब पर अपना कब्जा जमाया। इस शानदार जीत के बाद, इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा कि फ्रेंचाइजी के लिए 2024 दोहरे जश्न का साल हो सकता है।यह महिला प्रीमियर लीग का दूसरा सीजन था, जिसे रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने अपने नाम किया और नया इतिहास रचा। जो काम विराट कोहली एंड कंपनी, आरसीबी के लिए पिछले 16 साल में नहीं कर पाई उसे इन लड़कियों ने डब्ल्यूपीएल के दूसरे सीजन में कर दिखाया।रविवार को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में आरसीबी ने दिल्ली कैपिटल्स को 8 विकेट से हराया और फ्रेंचाइजी का 16 साल का सूखा खत्म किया।फाइनल में टॉस जीतकर दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। फिर ओपनरों ने पावरप्ले में धमाकेदार शुरुआत भी दिलाई। यहां से ऐसा लगा कि दिल्ली स्कोरबोर्ड पर एक बड़ा टारगेट सेट करेगी।दिल्ली की कप्तान मेग लैनिंग और शेफाली वर्मा ने सिर्फ 6 ओवरों में ही टीम को 61 रनों तक पहुंचा दिया था, लेकिन यहां से दिल्ली की पारी लड़खड़ा गई और इसके बाद पूरी टीम 18.3 ओवरों में 113 रनों पर ही सिमट गई।दिल्ली के लिए शेफाली वर्मा ने 27 गेंदों पर 44 रनों की पारी खेली। जबकि कप्तान मेग लेनिंग ने 23 रन बनाए। आरसीबी के लिए श्रेयंका पाटिल ने 4, सोफी मोलिनेक्स ने 3 और आशा शोभना ने 2 विकेट झटके।जवाब में आरसीबी को डिवाइन (32) और स्मृति मंधाना (31) ने सधी हुई शुरुआत दिलाई। इसके बाद पेरी ने नाबाद 35 रन की पारी खेली। 114 रनों के लक्ष्य को आरसीबी ने 2 विकेट खोकर 19.3 ओवर्स में हासिल कर लिया।



माइकल वॉन ने टीम को बधाई देने के लिए एक्स का सहारा लिया और आगामी आईपीएल 2024 सीजन् से पहले अपनी दिलचस्प भविष्यवाणी साझा की।वॉन ने एक्स पर लिखा, शानदार टूर्नामेंट आरसीबी के लिए अच्छी जीत !! अब क्या पुरुष इसे दोहरा सकते हैं!!! यह हो सकता है।फाफ डु प्लेसिस की अगुवाई वाली पुरुष टीम 22 मार्च को चेन्नई में गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ अपने आईपीएल 2024 अभियान की शुरुआत करेगी।आरसीबी पुरुष टीम आईपीएल 2024 सीजन के शुरुआती चरण के दौरान कुल 5 मैच खेलेगी।

## लगातार दूसरी बार चैंपियन बने अल्कराज

**कैलिफोर्निया, 18 मार्च 2024।** इंडियन वेल्स ओपन फाइनल में कार्लोस अल्कराज ने डेनियल मेदवेदेव को 7-6(5), 6-1 से हराकर अपनी ट्रॉफी का बचाव किया, जबकि इगा स्वीयाटेक ने पूरे टूर्नामेंट में एक भी सेट गंवाए बिना मारिया सक्कारी को 6-4, 6-0 से हराकर अपने करियर का 20वां खिताब जीता।कार्लोस अल्कराज के लिए, अपने खिताब की रक्षा करने की यात्रा चुनौतियों से भरी थी। टखने की समस्या से जूझ रहे युवा स्पैनियार्ड को फाइनल में डेनियल मेदवेदेव के खिलाफ एक कठिन लड़ाई का सामना करना पड़ा।



फाइनल मैच में एक मुश्किल शुरूआती सेट के बाद अल्कराज ने शानदार कमबैक किया। इस सेट में मेदवेदेव 6-5 से आगे थे। हालांकि, अल्कराज ने टाई-ब्रेक के जरिए वापसी करते हुए 7-5 से बढ़त हासिल की।

दूसरे सेट में मैच की कहानी अलग दिखी और अल्कराज ने विश्व नंबर 4 को हराते हुए वर्ष का अपना पहला खिताब जीता। साथ ही ये उनका पिछली गर्मियों में विंबलडन के बाद पहला खिताबी जीत भी है।

अल्कराज इंडियन वेल्स ताज का सफलतापूर्वक बचाव करने वाले केवल छठे खिलाड़ी हैं। साथ ही 2016 में नोवाक जोकोविच के बाद इंडियन वेल्स में लगातार दो बार जीतने वाले पहले खिलाड़ी हैं।अपनी शानदारक जीत पर अल्कराज ने हर चुनौतियों पर डटे रहने और इंडियन वेल्स के भव्य मंच पर इस क्षण का लाभ उठाने के लिए सबका आभार व्यक्त किया।

उनकी जीत न केवल टेनिस जगत में एक उभरते सितारे के रूप में उनकी स्थिति को मजबूत करती है, बल्कि दृढ़ता और आत्म-विश्वास की शक्ति के प्रमाण को भी दर्शाती है।

अल्कराज ने कहा, मैं अभी बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं, यह टूर्नामेंट मेरे लिए बहुत मायने रखता है। यहां खेलना मेरे लिए बहुत खास है लेकिन मुझे लगता है कि यह साल कुछ ज्यादा ही खास है क्योंकि टूर्नामेंट से पहले मैं सोच रहा था कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ खेल पाऊंगा या नहीं। मैं टखने की चोट के कारण अच्छा महसूस नहीं कर रहा था। इसलिए मेरे मन में बहुत संदेह था, लेकिन मैं उन समस्याओं से उबरने में सक्षम होने और अंत में बेहतर महसूस करने से वास्तव में खुश था।

महिलाओं के फाइनल में, इगा स्वीयाटेक ने मारिया सक्कारी पर दो सीधे सेटों में शानदार जीत के साथ महिला सर्किट पर अपना दबदबा दिखाया।

## शादाब खान ने कहा-एक हार के बाद हटाना ठीक नहीं

**नई दिल्ली, 18 मार्च 2024।** पाकिस्तान के स्टार ऑलराउंडर शादाब खान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज गंवाने के बाद शाहीन अफरीदी को टी-20 कप्तानी से बर्खास्त किए जाने की खबरों पर निराशा जताई है।



पाकिस्तान क्रिकेट टीम में काफी समय से भूचाल मचा हुआ है। चाहे बोर्ड हो या टीम, हर जगह बदलाव का दौर जारी है।बाबर आजम के बाद पाकिस्तान की टी20 टीम की कमान शाहीन अफरीदी को मिली। इस तेज गेंदबाज की अगुवाई वाली पाकिस्तान की टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में 4-1 से हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद शाहीन सवालों के घेरे में आ गए।

न्यूजीलैंड के हाथों पाकिस्तान की शर्मनार टी20 सीरीज हार के बाद, कप्तानी में संभावित बदलाव की खबरें आनी शुरू हो गई, जिससे शाहीन की नेतृत्व भूमिका पर खतरा मंडरा रहा है।

हालांकि, इन अटकलों के बीच ऑलराउंडर शादाब खान ने शाहीन का समर्थन किया है।

पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) सेमीफाइनल में इस्लामाबाद यूनाइटेड की जीत के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में शादाब खान ने कप्तानी में अचानक बदलाव की बातों का विरोध किया।शादाब ने टीम के दृष्टिकोण में स्थिरता और निरंतरता की आवश्यकता का हवाला देते हुए, शाहीन को थोड़ा और समय देने की बात कही।

## भारत ने पांच मैचों के ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए 27 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा की


**नई दिल्ली, 18 मार्च 2024।** हॉकी इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 6 अप्रैल से पर्थ, ऑस्ट्रेलिया में शुरू होने वाली आगामी पांच मैचों की हॉकी टेस्ट श्रृंखला के लिए सोमवार को 27 सदस्यीय भारतीय पुरुष टीम की घोषणा की। टीम 6 अप्रैल से मैच खेलेगी, उसका दूसरा मैच 7 अप्रैल को होगा, उसके बाद 10, 12 और 13 अप्रैल को मैच होंगे। भारतीय टीम 1 अप्रैल को नई दिल्ली से रवाना होगी और 15 अप्रैल, 2024 को वापस आएगी। पांच मैचों के दौरे में भारतीय टीम का नेतृत्व शीर्ष ड्रैग-फ्लिकर और डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह करेंगे और उप-कप्तान मिडफील्डर हार्दिक सिंह करेंगे, जो ओलंपिक गेम्स पेरिस 2024 की तैयारी में टीम के लिए एक लिटमस टेस्ट होगा। टीम में पीआर श्रीजेश, कृष्ण बी पाठक, सूरज करकेरा, हरमनप्रीत सिंह, अरजीत सिंह हुंदल, मनदीप सिंह, दिलप्रीत सिंह, गुरजंत सिंह, हार्दिक सिंह, आकाशदीप सिंह, जुगराज सिंह, विष्णुकांत सिंह, राज कुमार पाल, ललित कुमार उपाध्याय शामिल होंगे। विवेक सागर प्रसाद, बॉबी सिंह धामी, नीलकंठ शर्मा, सुमित,



संजय, अभिषेक, सुखजीत सिंह, शमशेर सिंह, मनप्रीत सिंह, अमीर अली, मोहम्मद राहील मौसीन, जरमनप्रीत सिंह और अमित रोहिदास। ओलंपिक गेम्स पेरिस 2024 के लिए अंतिम 16 सदस्यीय टीम के चयन से पहले खिलाड़ियों को अपनी क्षमता दिखाने का अधिकतम मौका देने के लिए मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने लगभग पूरे कोर ग्रुप के साथ जाने का विकल्प चुना है। ÷यह हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण दौरा होगा क्योंकि यह न केवल यह पता लगाएगा कि हम किस स्तर पर हैं और पेरिस ओलंपिक से पहले हम किन क्षेत्रों में बेहतर होना चाहते हैं, बल्कि यह खिलाड़ियों के लिए भी एक महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है। हमने इसके साथ जाने का फैसला किया है।÷ फुल्टन ने हॉकी इंडिया की एक विज्ञप्ति के हवाले से कहा, लगभग पूरा कोर ग्रुप ताकि प्रत्येक खिलाड़ी को अपनी पूरी क्षमता दिखाने का पर्याप्त अवसर मिले और विभिन्न संयोजनों का परीक्षण करने के लिए भी यह एक अच्छा दौरा है। ऑस्ट्रेलिया जैसी टीम के खिलाफ खेलना, जो पेरिस में संभावित पोडियम फिनिशर्स में से एक है, चुनौतीपूर्ण होगा और साथ ही वे मैचों में प्रतिस्पर्धा के स्तर के लिए एक समृद्ध अनुभव भी देंगे। यह एक अच्छी एक्सपोजर यात्रा होगी और हम देख रहे हैं इसके लिए आगे बढ़ें, ।

## फतेह का रौंगटे खड़े कर देने वाला टीजर हुआ जारी

बॉलीवुड के रियल हीरो सोनू सूद की मोस्ट अवेटेड फिल्म फतेह का टीजर रिलीज हो गया है। फतेह के टीजर से पता चलता है कि सोनू सूद अपनी इस फिल्म में कितना खौफनाक रोल करने जा रहे हैं। इस फिल्म को खुद सोनू सूद ने डायरेक्ट किया है। एक्टर ने फिल्म से एक पोस्टर रिलीज कर टीजर की रिलीज डेट का खुलासा किया था। अब सोनू ने देर ना करते हुए टीजर रिलीज कर दिया है। इस फिल्म में सोनू सूद के साथ एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस भी नजर आ रहीं हैं। सोनू सूद की एक्शन ड्रामा फिल्म फतेह का 1.40 मिनट का टीजर बेहद खौफनाक है। इसकी शुरुआत इस वॉयस ओवर से होती है कि, फतेह तुमनें 40... इतने में फतेह के रोल में दिख रहे सोनू सूद ने बोलते हैं...40 नहीं 50 ... इसके बाद सोनू सूद एक-एक कर बदमाशों को शूट करते दिख रहे हैं। टीजर के साथ-साथ सोनू ने बताया है कि फिल्म साल 2024 में ही रिलीज होगी, लेकिन इसकी रिलीज डेट का खुलासा नहीं किया है। बता दें, सोनू सूद अपनी फिल्म फतेह के सेट से अब कई तस्वीरें शेयर कर चुके हैं। इन तस्वीरों को शेयर कर सोनू सूद ने कैप्शन में लिखा था फतेह मेरे लिए स्पेशल और निजी फिल्म रही है। यह उन युथ को श्रद्धांजलि है जो कई तरह से साइबर क्राइम का शिकार हो चुके हैं...तैयार हो जाइए.सोनू सूद के संग फिल्म में जैकलीन फर्नांडिज लीड रोल में होगीं। साइबर क्राइम की रियल लाइफ स्टोरीज पर बनी इस फिल्म की शूटिंग बहुत पहले ही पूरी हो चुकी है।. एक्टर ने जैसे ही सोशल मीडिया पर तस्वीरें शेयर कीं तो फैंस ने झमाझम लाइक्स और कमेंट्स की बात कर दी थी। एक फैन ने लिखा था, आपकी फिल्म के लिए हम एक्साइटेड हैं और ज्यादा इंतजार नहीं कर सकते।. फतेह में सोनू सूद और जैकलीन फर्नांडिज के साथ ही शिवज्योति राजपूत, विजय राज के साथ ही अन्य एक्टर्स भी अहम रोल में नजर आने वाले हैं।




## अल्का गुप्ता ने मैं हूं साथ तेरे में अपना परफॉर्मेंस सभी माताओं को समर्पित किया



टीवी एक्ट्रेस अल्का गुप्ता जल्द ही सीरियल मैं हूं साथ तेरे में मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। एक्ट्रेस ने सीरियल में सिंगल पेरेंट्स की भूमिका निभाने के बारे में खुलासा किया।इस शो में दर्शक सिंगल मदर की भूमिका में अल्का गुप्ता (जानवी) की उथल-पुथल भरी जर्नी देखेंगे। इस शो में पेरेंट्स बनने के दौरान एक मां के अनगिनत बलिदानों को रेखांकित किया गया है।ग्वालियर में रहने वाली जानवी अपने बेटे कियान के साथ रहती है। लेकिन मजबूत रिश्ता और प्यार के बावजूद, कियान खुद से ज्यादा अपनी मां के लिए पिता की मौजूदगी की कमी महसूस करता है।कहानी तब और गहराई में चली जाती है जब जानवी की मुलाकात एक अमीर बिजमेसमैन आर्यमान (करण वोहरा) से होती है। दोनों एक साथ काम करने लगते हैं।अल्का ने अपनी भूमिका के बारे में कहा, यह पहली बार है कि मैं एक मां और सिंगल पेरेंट्स की भूमिका निभा रही हूं। मैं इसे लेकर वास्तव में उत्साहित हूं। यह मेरे अब तक के किसी भी किरदार से काफी अलग है।देवों के देव...महादेव में अपने काम के लिए मशहूर अल्का ने कहा, मैं अपना परफॉर्मेंस उन सभी माताओं को समर्पित करना चाहती हूं जो अकेले ही अपने बच्चे का पालन-पोषण कर रही हैं।मैं हूं साथ तेरे का प्रीमियर जल्द ही जी टीवी पर होगा।




## हरशिव कार्तिक फिल्म बहुमुखम का टीजर आउट

बहुमुखम का टीजऱ आउट। हरशिव कार्तिक आगामी फिल्म बहुमुखम में लेखक, डिजाइनर, निर्माता, निर्देशक और मुख्य अभिनेता के रूप में काम करते हुए कई भूमिकाएं निभा रहे हैं। गुड, बैड एंड द एक्टर टैगलाइन वाली यह फिल्म एक सस्पेंस ड्रामा थ्रिलर है, जिसे अटलांटा, मैकॉन, कैंटन और जॉर्जिया, अमेरिका के आसपास के इलाकों में विभिन्न स्थानों पर शूट किया गया है। हाल ही में, फिल्म की प्रचार गतिविधियां इसके फर्स्ट लुक पोस्टर के अनावरण के साथ शुरू हुईं, जिसे जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। आज फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है, जिससे उत्साह और बढ़ गया है।कहानी तनवीर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक हिरासत केंद्र में अपने प्रारंभिक वर्ष बिताने के बाद, अनिवार्य परामर्श सत्र के लिए मनोचिकित्सक दिशा से मासिक रूप से मिलता है। तनवीर अपने और अपनी मां के अभिनेता बनने के सपने को पूरा करने के लिए दिशा से मदद मांगता है। हालाँकि, तनवीर के पास भयानक रहस्य हैं जो उसके आसपास के लोगों के लिए खतरा पैदा करते हैं। फिल्म नायक की जटिल प्रकृति पर प्रकाश डालती है, रोमांचक खुलासे और अप्रत्याशित मोड़ के साथ एक रहस्यमय नाटक पेश करती है ।

## संक्षिप्त खबरें

### आरएसएस में हुई अहम नियुक्तियां

#### छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश को मिला महत्व




**रायपुर, 18 मार्च 2024(ए)।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के मुख्यालय नागपुर के करीब रहने के बाद भी अब तक नजरअंदाज किए जाते रहे छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश के स्वयं सेवकों की भूमिका बढने़ लगी है. इसे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ में हुई अहम नियुक्तियां से जोड़ा जा सकता है।. दीपक विसपुते की अखिल भारतीय सह बौद्धिक प्रमुख के तौर पर नियुक्ति हुई है,जबकि प्रेम शंकर सिदार की मध्य क्षेत्र सह क्षेत्र प्रचारक के तौर पर, नागेंद्र जी क्षेत्र बौद्धिक शिक्षण प्रमुख, अभय राम छत्तीसगढ़ प्रांत प्रचारक, नारायण नामदेव छत्तीसगढ़ सह प्रांत प्रचारक और स्वप्निल गुप्ता की मध्यक्षेत्र क्षेत्र प्रचारक केंद्र भोपाल में नियुक्ति हुई है।

### बीजेपी नेताओं में बीच सड़क पर हुई मारपीट




**बिलाईगढ़ ,18 मार्च 2024 (ए)।** लोकसभा चुनाव में भाजपा सभी सीटें जीतने के लिए तयारी में जुटी हुई हैं। वहीं दूसरी तरफ भाजपा नेताओं का एक ऐसा वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे देखकर सबके होश उड़ गए हैं। इस वीडियो में दो भाजपा नेता आपस में भीड़ गए। इतना ही नहीं इस वीडियो में जमकर गाली गलौज भी की गई है।

# रायपुर रेलवे स्टेशन में सेंट्रल जीएसटी का छापा

### दस्तावेजों की जांच जारी

**रायपुर, 18 मार्च 2024(ए)।** रायपुर रेलवे स्टेशन में जीएसटी ने छापा मारा है। दरअसल, टीम ने सन शाइन कैटर्स और टू व्हीलर पार्किंग में रेड मारी है। फिलहाल दोनों ही जगहों पर अधिकारी जांच कर रहे हैं। सूचना मिली है कि, सन शाइन कैटर्स के करीबी के दुर्ग स्थित ठिकाने में भी छापा पड़ा है। मिली जानकारी के अनुसार, रायपुर रेलवे स्टेशन में संचालित सन शाइन कैटरर्स के स्टॉल के लाइसेंस फीस कैश में जमा किए जाने का मामला सामने आया था। इस फर्म का जीएसटी नंबर, जो छत्तीसगढ़ में लिया गया था वह 2017 से बंद है। सूत्रों की माने तो यहां कंपनी का कोई भी बैंक अकाउंट नहीं है. इतना ही नहीं इस फर्म के अलावा इनके परिवार की अन्य दर्जनों फर्म दुर्ग के अलावा पूरे देश में मौजूद है. लेकिन रेलवे में इनका तगड़ा जुगाड़ होने के कारण इनकी छत्र छाया में पूरा रेलवे डिपार्टमेंट फल-फूल रहा है और यही कारण है कि इसकी जांच अब तक नहीं हो रही है. सूत्र बताते है कि इस फर्म को पूर्व में जीएसटी की ओर से भी नोटिस जारी की गई थी। रायपुर रेलवे स्टेशन में जीएसटी ने छापा मारा है। दरअसल टीम ने सन शाइन कैटर्स और टू व्हीलर पार्किंग में रेड मारी है। फिलहाल दोनों ही जगहों पर अधिकारी जांच कर रहे हैं। सूचना मिली है कि, सन शाइन कैटर्स के करीबी के दुर्ग स्थित ठिकाने में भी छापा पड़ा है। मिली जानकारी के अनुसार, रायपुर रेलवे स्टेशन में संचालित सन शाइन कैटरर्स के स्टॉल के लाइसेंस फीस कैश में जमा किए जाने का मामला सामने आया था। इस फर्म का जीएसटी नंबर, जो छत्तीसगढ़ में लिया गया था वह 2017 से बंद है। इनके फर्म दुर्ग के साथ-साथ पूरे देश में हैं। सूत्रों के अनुसार, यहां कंपनी का कोई भी बैंक अकाउंट नहीं है। इस फर्म के अलावा इनके परिवार की अन्य दर्जनों फर्म दुर्ग के साथ-साथ पूरे देश में मौजूद है। लेकिन रेलवे में इनका तगड़ा जुगाड़ है इस वजह से इनकी छत्र-छाया में पूरा रेलवे डिपार्टमेंट फल-फूल रहा है। यही कारण है कि, अब तक इसकी जांच नहीं हो रही है। जानकारी मिली है कि, पहले भी जीएसटी की ओर से नोटिस भी जारी की गई थी।




# एफआईआर बोले बृजमोहन ये भाजपा की साजिश नहीं,महादेव का प्रकोप है

## मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि,महादेव का प्रकोप कांग्रेस पार्टी और पूर्व सीएम पर अब दिखाई देने लगा...

**रायपुर,18 मार्च 2024 (ए)।** पूर्व सीएम भूपेश बघेल के उपर ईडी की एफआईआर दर्ज होने के बाद उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसे बीजेपी की साजिश बताया था। सोमवार को मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि, महादेव का प्रकोप कांग्रेस पार्टी और पूर्व सीएम पर अब दिखाई देने लगा है।

पूर्व सीएम चोरी ऊपर से सीना जोरी कर रहे हैं। वे पहले रायपुर से भाग कर राजनादगांव गए और फिर सीना जोरी करने के लिए वापस रायपुर आए। भूपेश बघेल को इतना डर क्यों सता रहा है? महादेव सट्टा एप पर पहली एफआईआर तो उन्होंने ही कराई थी। लेकिन अब अपने ही बुने हुए जाल में खुद फंस गए है। जितने अफसरों पर एफआईआर हुई उनके भूपेश से क्या संबंध हैं?उन्होंने आगे कहा कि, शराब, कोयला और गौठान कई घोटाले हैं। अभी एक घोटाले की एफआईआर में नाम आने पर घबरा गए। अभी तो और भी कई घोटाले सामने आयेंगे। भूपेश बघेल असीम दास के बयान को सही मानते हैं क्या? महादेव एप में शुभम सोनी का वीडियो आया था उस पर भूपेश बघेल क्यों कुछ नहीं बोलते हैं? इन्होंने छत्तीसगढ़ के 10 लाख युवाओं को बर्बाद करके उनके हक़ का पैसा खाने का काम किया है और क्या इनको न्यायपालिका पर विश्वास नहीं है?




# कोयला घोटाले के आरोपियों को जेल में दी गई है विशेष सुविधा

» गृहमंत्री विजय शर्मा पहुंचे थे जेल का निरीक्षण करने...

» विधानसभा में भी उठा था मामला...

**रायपुर,18 मार्च 2024 (ए)।** करोड़ों के कोल लेवी और शराब घोटाले के मामले में निलंबित आईएएस रानू साहू, समीर बिश्नोई, सौम्या चौरसिया, अनवर ढेबर सहित 20 से अधिक आरोपितों को रायपुर केंद्रीय जेल में वीआईपी सुविधा दी गई। इसके चलते ही डीआईजी के साथ जेल अधीक्षक का प्रभार संभाल रहे एसएस तिग्गा, जेल अधीक्षक गोरखनाथ प्रधान समेत एक प्रहरी, महिला जेल की प्रभारी उप जेल अधीक्षक मधु सिंह और दो महिला प्रहरियों को शुक्रवार को यहां से हटाकर दूसरे जेलों में भेज दिया गया।

विधानसभा के बजट सत्र में भी यह मामला विधायक राजेश मूणत ने उठाया था। बता दें कि वीआईपी सुविधा देने के आरोपों की सच्चाई जानने के लिए गृह मंत्री विजय शर्मा को खुद जेल का निरीक्षण करना पड़ा था। जेल डीजी राजेश मिश्रा ने कहा कि जेल के अधिकारी और कर्मचारियों के तबादले प्रशासनिक है।जेलों में किसी तरह की गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाती है। रायपुर जेल में बंद आरोपित सुनील अग्रवाल, लक्ष्मीकांत तिवारी, नितेश पुरोहित, त्रिलोक ढिल्लन सहित अन्य आरोपितों को वीआईपी सुविधा देने के आरोप जेल अधिकारियों पर लगते रहे है।

जेल अस्पताल के डॉक्टरों की सलाह पर गंभीर बीमारी से पीड़ति बंदियों को इलाज के लिए सरकारी, निजी अस्पताल में भर्ती कराने का प्रविधान है। अमूमन रोज ऐसे तीन से पांच बंदियों को अस्पताल ले जाया जाता है। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में रसूखदार बंदी बीमारी का बहाना बनाकर अक्सर अस्पताल जाते थे, लेकिन सत्ता बदलते ही जेल प्रशासन अलर्ट है। पिछले दो महीने में करीब 50 सामान्य बंदियों को सरकारी अस्पताल ले जाया गया है।



# कार से 7 लाख कैश जब्त

### चालक के पास नहीं था वैध दस्तावेज

**जांजगीर/चांपा,18 मार्च 2024 (ए)।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर एफएसटी, एसएसटी की टीम गठित एक्शन मोड पर आ गई है। अवैध रूप से रुपए ले जाने वालों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। वाहन चेकिंग के दौरान एफ एसटी, की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने 7 लाख 95 हजार रुपये जब्त किया है।

जानकारी के मुताबिक खोखरा गांव का रहने वाला अमित कुमार थवाईत कार में कैश लेकर जा रहा था। कोई भी वैध दस्तावेज नहीं दिखाने पर टीम ने नगद जब्त कर लिया। जिसके बाद कैश जीएसटी विभाग को भेजा दिया गया है। ये कार्रवाई बनारी में की गई है।



# पांच लाख के इनामी नक्सली ने किया आत्मसमर्पण

**सुकमा, 18 मार्च 2024(ए)।** नक्सलियों के खिलाफ जहां आर-पार की लड़ाई लड़ी जा रही है ठीक दूसरी और शासन की योजनाओं व पुना नर्कोम के तहत जागरूकता करने का भी प्रयास किया जा रहा है। जिससे प्रभावित होकर पांच लाख का इनामी नक्सली व दो लाख की इनामी महिला नक्सली ने विकास में भागीदारी निभाने व मुख्यधारा से जुड़ने के लिए आत्म समर्पण किया है।

सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में ईनामी दंपति ने आत्मसमर्पण किया है। पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण के समक्ष दोनो ने बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया है। पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण ने बताया कि दोनो पिछले कई सालों से किस्टाराम इलाके में सक्रिय रहे है। जिसमें कृषि शाखा अध्यक्ष सोढ़ी सुक्का उर्फ सोढ़ी कोसा जिस पर पांच लाख का इनाम घोषित था और सोढ़ी सुक्की जिस पर दो लाख का इनाम घोषित था। दोनो जिले में पिछले कई सालों से नक्सल संगठन में सक्रिय थे। दोनो को प्रोत्साहन राषि दी गई और शासन की पुर्नवास नीति का लाभ देने की बात कही। इस दौरान उत्तम प्रताप सिंह व रोहित शुक्ला मौजूद रहे।



# भ्रष्टाचार के मुद्दे पर भूपेश के साथ फंसा कुनबा



**रायपुर,18 मार्च 2024 (ए)।** लोकसभा चुनाव से पहले भ्रष्टाचार के मामले में चौतरफा घिरी छत्तीसगढ़ कांग्रेस बैकफुट पर है। विधानसभा चुनाव 2023 में करारी हार के बाद कांग्रेस की मुश्किलें अब और भी बढ़ गई हैं। दरअसल, महादेव आनलाइन सट्टा एप मामले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ नामजद एफआइआर होने बाद प्रदेश में भ्रष्टाचार एक बड़ा मुद्दा बनकर उभरा है।

लोकसभा चुनाव के लिए चल रही सभाओं व जनसंपर्क अभियान के दौरान भाजपा लगातार कांग्रेस पर हमलावर है। विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने कुछ इसी तरह से भ्रष्टाचार को बड़ा मुद्दा बनाया था। महादेव एप मामला समेत कोयला घोटाला, शराब घोटाला, चावल घोटाला, डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड घोटाले में कई कांग्रेसियों के नाम आने के बाद पार्टी संकट के दौर से गुजर रही है।

भूपेश की मुश्किलें बढ़ने के साथ-साथ पार्टी के लिए संकट के बादल छा गए हैं। महादेव एप मामले में जहां भूपेश कटघरे में हैं तो वहीं कोयला घोटाला मामले में कांग्रेस के विधायक देवेंद्र यादव समेत कई नेताओं की जमानत याचिका खारिज हो चुकी है।


# महतारी वंदन योजना में फर्जीवाड़ा

### सीईओ ने दिए जांच के आदेश

**बिलासपुर,18 मार्च 2024 (ए)।** प्रदेश की विवाहित महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और स्वालम्बन के मकसद से शुरू की गई महतारी वंदन योजना की पहली क़िस्त इसी महीने के 10 तारीख को 70 लाख से ज्यादा हितग्राहियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से अंतरित की गई थी। सरकार का दावा था कि पहली क़िस्त में सरकार की तरफ से भेजी गई कुल राशि 655 करोड़ रूपये से ज्यादा थी। सरकार का यह भी दावा किया हैं कि आने वाले दिनों में भी पात्र महिलाओं को निर्बाध रूप से खातों में राशि प्राप्त होती रहेगी। बहरहाल इन पूरी योजना को लेकर एक बड़ी लापरवाही भी सामने आई हैं। बिलासपुर जिले में एक मृत महिला के नाम पर एक हजार रुपए की राशि जारी कर दी गई हैं। सीईओ ने अब इस प्रकरण के जाँच के आदेश दे दिए हैं। जिसके नाम पर यह राशि जारी हुई हैं उसकी मृत्यु दो साल पहले ही हो चुकी हैं। हैरान कर देने वाला पूरा मामला बिलासपुर के कोटा क्षेत्र के चपोरा गाँव का हैं। दरअसल मृतका चित्रा कोसले के पति सुरेंद्र कुमार कोसले के नाम से आवेदन क्रमांक एमवीवाय 001691481 महतारी वंदन योजना का लाभ पाने के उद्देश्य से आवेदन में फोटो, दस्तावेज़ के साथ फर्जी हस्ताक्षर किया गया था। इसकी जांच की जिम्मेदारी ग्राम सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सुपरवाइजर ने की थी। आवेदन की जांच में लापरवाही का नतीजा यह हुआ कि, आवेदन सत्यापित हो गया और मृतक के खाता क्रमांक ×××××20920 में महतारी बंधन योजना की 1 हज़ार रू राशि जाने लगी।




# रायपुर के बड़े कारोबारी से ईडी ने की पूछताछ




**रायपुर,18 मार्च 2024 (ए)।** शहर के कारोबारी, मैरिज पैलेस और बड़े शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के मालिक के बड़े भाई से ईडी ने की दो दिन लगातार पूछताछ की। यह पूछताछ हवाला कारोबारी अनिल दम्मानी, सुनील दम्मानी से जमीन की खरीद फरोख्त के सुबूत मिलने के बाद की गई। दम्मानी भाई महादेव सट्टा ऐप मामले में गिरफ्तार हैं। अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि कारोबारी ने दम्मानी भाई को जमीन बेचकर पैसा लिया या उनसे जमीन खरीदा। बताया जा रहा है कि कारोबारी ने इन सौदों के पेपर ईडी को सबमिट कर दिया है । उसके बाद ईडी ने आवश्यक होने पर पुन बुलाने पर आने के निर्देश देकर जाने दिया।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)